वर्ष- 21 अंक - 241 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 14 फरवरी 2026

## हाइवे पर मोदी का विमान

**डिब्रूगढ़.एजेंसी।** देश की सामरिक शक्ति में आज एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायुसेना के विशेष विमान से असम के डिब्रूगढ़ जिले में मोरान बाईपास पर बनी आपात लैंडिंग सुविधा पर उतरेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की लैंडिंग के साथ ही हाइवे पर स्थित यह पट्टी वायुसेना के रणनीतिक नेटवर्क का हिस्सा बन जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी 4.2 किलोमीटर लंबी यह हवाई पट्टी पूर्वोत्तर की पहली ऐसी सुविधा है।

## दूल्हा गिरफ्तार

**कटिहार.एजेंसी।** वैलेंटाइन वीक में जहां लोग प्यार की बातें कर रहे हैं, वहीं बिहार के कटिहार से एक लव स्टोरी शादी तक पहुंची और फिर दूल्हे को गिरफ्तार भी करना पड़ा। यहां एक युवती को सोशल मीडिया के जरिए निकेश नामक युवक से प्यार हुआ। दोनों में नजदीकियां बढ़ीं तो निकेश ने शादी का दबाव बनाया और लड़की के वीडियो वायरल करने की धमकी दी। अंततः लड़की ने शादी के लिए हां की। निकेश बारात लेकर भी पहुंच गया, लेकिन इसी बीच लड़की ने पुलिस में शिकायत कर दी और पुलिस ने दूल्हा बने निकेश को गिरफ्तार कर लिया।







# महाशिवरात्रि पर महाकाल के महादर्शन

### आज रात 2:30 बजे से लगातार 44 घंटे तक उमड़ेगी भीड़

उज्जैन ● एजेंसी

त्रिभुवन वंदिता अवंतिका में यूं तो हमेशा ही ज्ञान, भक्ति व उत्सवों का उल्लास छाया रहता है लेकिन इन दिनों यह नगरी विवाह का घर बनी हुई है। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में शिव पार्वती के विवाह की जोरदार तैयारी चल रही है। आज रात 2:30 बजे मंदिर के पट खुलेंगे और त्रिलोकीनाथ भगवान महाकाल के दिव्य रूप के दर्शन होंगे। यह दर्शन 16 फरवरी की रात 11 बजे तक निरंतर होंगे। इस तरह करीब 44 घंटे तक भक्तों की भीड़ यहां उमड़ेगी। गर्भगृह में महाकाल की महापूजा की जाएगी। भगवान के शीश सवा मन फल व फूलों से बना मुकुट (सेहरा) सजाया जाएगा।

## बुर्के में कांवड़ लेकर निकली मुस्लिम महिला

**अमरोहा.एजेंसी।** महाशिवरात्रि से पहले उत्तरप्रदेश के अमरोहा में धार्मिक सद्भाव की एक अनोखी तस्वीर सामने आई है। शिव के जलाभिषेक के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही संभल की मुस्लिम महिला तमन्ना हरिद्वार से कांवड़ लेकर अमरोहा पहुंचीं। पुलिस सुरक्षा के बीच नौगांवा सादात में उनका भव्य स्वागत किया गया। वह बुर्का पहन कर पूरी यात्रा कर रही हैं।



# अमेरिका में फिर लापता हुआ भारतीय छात्र

शनिवार ● एजेंसी

अमेरिका के बर्कले विश्वविद्यालय में पढ़ रहे 22 साल का भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया की लापता होने की खबर सामने आई है। छात्र 9 फरवरी से लापता है और उसे आखिरी बार अंजा झील के पास देखा गया था। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक राज्य के निवासी और बर्कले विश्वविद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे छात्र साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। वाणिज्य दूतावास उनके परिवार के संपर्क में है और छात्र का पता लगाने के लिए संबंधित स्थानीय अधिकारियों से भी संपर्क कर रहा है। इस दौरान पुलिस भी लगातार छात्र की तलाश में जुटी हुई है।

# अफसर पर चाकू से हमला करने वाले को मार गिराया

**पेरिस.एजेंसी। फ्रांस की राजधानी पेरिस में एक शख्स ने चाकू और कैंची के साथ पुलिस अधिकारी पर हमला करने की कोशिश की। हालात को देखते हुए दूसरे अधिकारी ने गोली चलाई, जिससे हमलावर गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई आरोपी फ्रांसीसी नागरिक था और पहले बेल्जियम में आतंकवाद से जुड़े आरोपों में दोषी ठहराया जा चुका था। हाल ही में जेल से रिहा हुआ था।**

## क्रेश हुआ विमान, 3 की मौत

**लॉस एंजिल्स.एजेंसी।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के स्टीमबोट स्प्रिंग्स में एक विमान दुर्घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना एपिक एयरक्राफ्ट ई-1000 नाम के एक छोटे विमान की थी। यह एक इंजन वाला, छह सीटों वाला हल्का टर्बोप्रॉप विमान है।

## ट्रंप ने फिर दी ईरान पर हमले की धमकी

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** ईरान के साथ चल रही परमाणु वार्ता के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान में 'रेजीम चेंज' होना 'सबसे अच्छी चीज' होगी। उन्होंने कहा, हमने ईरान की तरफ एक बहुत बड़ा कैरियर ग्रुप भेजा है। मैं डील करना चाहता हूं, लेकिन उनके साथ डील करना मुश्किल रहा है। ऐसे में ईरान में नेतृत्व परिवर्तन के लिए हमला जरूरी हो गया है।

## बांग्लादेश में बीजेपी ने जीती एक सीट

**ढाका.एजेंसी।** बांग्लादेश के चुनाव में भारत की राजनीति से मिलते-जुलते नाम और चुनाव चिन्ह वाली कई राजनीति पार्टियां मैदान में थीं। इनमें बांग्लादेश जातीय पार्टी (बीजेपी) को एक सीट मिली, जबकि हाथी और साइकिल के निशान वाली पार्टी भी मैदान में थी, जिन्हें एक भी सीट नहीं मिली।

# मोदी के फॉर्मूले से बांग्लादेश में चुनाव जीते तारिक

### लंदन से लौटी बेटी जायमा रहमान ने दिया आइडिया और हो गई जीत



**ढाका.एजेंसी।** भारत में नरेंद्र मोदी ने साल 2014 के चुनावों में 'चाय पर चर्चा' कैंपेन की शुरुआत की थी, जो काफी लोकप्रिय हुआ था। तारिक रहमान ने भी चुनाव प्रचार के दौरान 'चायेर अड्डा' यानी चाय पर बातचीत की शुरुआत की थी। जनता से कनेक्ट होने के लिए अपनाए गए तरीके का परिणाम अब पूरी दुनिया के सामने है। तारिक को इसका आइडिया उनकी बेटी जायमा रहमान ने दिया था। यह कॉन्सेप्ट काम कर गया और तारिक रहमान चुनाव जीतने में सफल रहे। जाइमा जरनाज रहमान, तारिक की इकलौती बेटी हैं। जिनकी उम्र करीब 28-30 के करीब है और उन्होंने लंदन में कानून की पढ़ाई की हैं। वैसे तो वह 17 साल से अपने परिवार के साथ लंदन में ही रह रही थीं, लेकिन 2025 में परिवार के साथ वापस लौट आईं। पापा के लिए उन्होंने खूब प्रचार किया और इस दौरान वह वायरल हो गईं। वहीं, अब नतीजे आने के बाद एक बार फिर जाइमा की सादगी सबको इंप्रेस कर रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ...

### भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा

**न्यूयार्क.एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। निखिल ने शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

### ड्रग तस्कर जहाज पर अमेरिका का हमला तीन की मौत

**शनिवार.एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने कैरिबियाई सागर में कथित ड्रग तस्करी में लिप्त एक जहाज पर हमला किया। इस हमले में 3 तस्कर की मौत का दावा किया गया है। इस हमले से जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि एक ही झटके में पूरे जहाज को खत्म कर दिया।

### ओवैसी की पार्टी ने जीती 69 सीटें

**हैदराबाद.एजेंसी।** तेलंगाना के हालिया नगर निकाय चुनावों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने 69 सीटों पर जीत हासिल की, जिसमें नगरपालिकाओं में 47 सीटें और नगर निगमों की 22 सीटें शामिल हैं।

### नीतीश के बेटे पर आरोप लगाने वाले पूर्व आईपीएस के यहां छापा

**पटना.एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार पर गंभीर आरोप लगाने वाले पूर्व आईपीएस अमिताभ दास के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पटना के शंभू हॉस्टल में जहानाबाद की एक नीट छात्रा की संदिग्ध मौत से जुड़े मामले में अमिताभ दास पर भ्रामक पोस्ट डालने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने उनके आवास पर छापेमारी की।

# शासन के विभाग ने की स्टाम्प चोरी उसे भी कांग्रेस नेता ने पकड़ लिया

## गृह निर्माण मंडल को भरना होगी करोड़ों की स्टाम्प ड्यूटी-द्विवेदी

### हुकुमचंद मिल की रजिस्ट्री में स्टाम्प ड्यूटी को लेकर आदेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

म.प्र. कमेटी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एवं एडवोकेट प्रमोदकुमार द्विवेदी ने बीते वर्ष मार्च में हुई हुकुमचंद मिल की रजिस्ट्री जो 23 मार्च, 2025 को हुई थी उस मामले में स्टाम्प ड्यूटी चोरी की शिकायत की थी। नगर निगम ने गृह निर्माण मंडल के पक्ष में यह रजिस्ट्री करवाई थी, जिसकी कीमत 218 करोड़ रु. बताई गई। द्विवेदी ने इसकी शिकायत दस्तावेज के साथ लोकायुक्त पुलिस विभाग में, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्योरो में, महानिरीक्षण पंजीयन तथा वरिष्ठ जिला पंजीयक श्रेणी-3 में की थी। शिकायत के साथ उच्च न्यायालय आदेश, सम्पत्ति कर ब्योरो, चित्र और अन्य जानकारी भी दी थी। इस मामले में वरिष्ठ जिला पंजीयक समरथमल राठौड़ ने प्रकरण दर्ज किया। नगर निगम एवं गृह निर्माण मंडल ने जवाब दिए, लेकिन प्रमोद द्विवेदी की शिकायत सही पाए जाने पर गृह निर्माण मंडल को स्टाम्प ड्यूटी जमा करने के आदेश जारी किए गए। प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि 26 करोड़ से अधिक की स्टाम्प ड्यूटी चोरी हुई है।

उच्च न्यायालय ने हुकुमचंद मिल की समस्त देनदारी 421 करोड़ रु. की मानी और गृह निर्माण मंडल ने 421 करोड़ रु. की देनदारी चुकाई, लेकिन फिर भी रजिस्ट्री 218 करोड़ रु. की कैसे हुई। इस मामले में ब्याज और पैनल्टी भी लगाई गई।

## कांग्रेस द्वारा 51 पदाधिकारी बनाने से निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ खिलवाड़

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ के जीतू दीवान ने कहा कि इंदौर शहर बड़ा स्वरूप ले चुका है वह महानगर की तरफ बढ़ रहा है। एक तरफ जनसंख्या बढ़ रही है, दूसरी तरफ शहर कांग्रेस की इकाई का स्वरूप छोटा किया जा रहा है। छोटे से छोटे कार्यक्रम में हमेशा 70-75 कांग्रेस कार्यकर्ता आयोजन में पहुंच जाते हैं, बड़े आयोजन में और ज्यादा कांग्रेस नेता कार्यकर्ता पहुंचते हैं। ऐसे में शहर कांग्रेस की इकाई कुल 51 लोगों की बनाना यह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के राजनीतिक भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इसमें से भी एक पदाधिकारी पूर्व में बनाए जा चुके हैं, अब कोषाध्यक्ष सहित 50 पदाधिकारी बनाना है। जिन कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने अपना सम्पूर्ण जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित कर दिया उन निष्ठावान कार्यकर्ताओं की राजनीति के साथ यह छलावा ही साबित होगा। हर विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों निष्ठावान कांग्रेसी कार्यकर्ता जिनमें मातृशक्तियां भी है उन्होंने संगठन के लिए कुछ न कुछ कार्य किए हैं, उन्हें कुछ नहीं मिला, लेकिन अवसरवादी बड़े नेताओं के समर्थक जिन्होंने झंडे-डंडे तक नहीं उठाए ना ही कोई संघर्ष किया वे ही हमेशा पदाधिकारी बन जाते हैं और संघर्ष करने वाला नेता-कार्यकर्ता ठगा रह जाता है। दीवान और साथियों ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को पत्र लिखकर शहर इकाई को बड़ी बनाने की मांग की है। 50 पदाधिकारियों में शहर के निष्ठावान जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ता को कुछ नहीं मिलेगा, इसलिए जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध करेगा।



## विजयवर्गीय ने की चन्द्रा से भेंट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कल इंदौर प्रवास पर आए पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष चन्द्रा से भेंट की। दोनों के बीच कई विषयों पर चर्चा भी हुई। इस दौरान उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया और राज्यसभा सांसद सुमेरसिंह सोलंकी भी मौजूद थे।

## महाविद्यालय के स्नेह सम्मेलन में मंत्री ने की शिरकत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित भी किया।



## बाणेश्वर कुण्ड पर होगा आज रात्रि जागरण एवं संगीत का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था नमो नवग्रह (शनि) एवं सत्यमेव जयते द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तीन दिवसीय आयोजन की शुरुआत कल से हुई थी। के.के. यादव, शिवम यादव ने बताया कि कल शुक्रवार के आयोजन में भी भीड रही। आज भी आयोजन किया जा रहा है। आज रात रात्रि जागरण और संगीत कार्यक्रम भी आयोजित होगा। बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। कल शिवरात्रि 15 फरवरी को बाणेश्वर कुंड से मरीमाता चौराहे तक बाजे गाजे एवं भजन मंडलियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें 10 हजार से अधिक महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल होंगी। कलश में पांच पवित्र नदियों का जल रहेगा। शोभायात्रा में बग्घी-घोड़े झांकियां एवं साधु-संत-महंत शामिल होंगे। इसके अलावा पहलवान, खिलाड़ी एवं प्रतिभाशाली क्षेत्र के लोग भी ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए चलेंगे। क्षेत्र की 100 से अधिक बस्तियों के लोग इस आयोजन के सहभागी बनेंगे। आयोजन के दौरान सामाजिक संदेश बेटी बचाओ, पर्यावरण, जल बचत, यातायात नियमों का पालन, बच्चों को मोबाइल से दूर रखें जैसे संदेश भी दिए जाएंगे। क़ल भी मातृशक्तियों ने हल्दी मेहंदी और कुमकुम रस्म का आयोजन किया। मेहंदी रस्म के दौरान मातृ शक्तियों ने शिव और माता पार्वती के प्रति आस्था व्यक्त करने के लिए हाथों में, त्रिशूल शिवलिंग पर विशेष मेहंदी लगाई। मंजू यादव, तारा यादव, अर्चना गायकवाड, रीना यादव, पार्वती चौधरी, मंजू खंडेलवाल, कमलेश केवट, अनीता वाघरकर, आरती कुर्मी, रचना शर्मा, प्रियंका सेन, सावित्री यादव, करिश्मा प्रजापत, शिव देवी यादव ने अपनी भूमिका धार्मिक रूप से निभाई।

## शुगर मिल मामले में कांग्रेस का होगा प्रदर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बरलाई शुगर मिल के बंद होने के बाद शासन प्रशासन द्वारा इस भूमि और कारखाना परिसर को अधिग्रहण कर विक्रय करने के प्रयास किए जा रहे है। इस मामले में अलग-अलग दिन अलग-अलग जगह पर धरना प्रदर्शन होंगे। 18 फरवरी को सांवेर तहसील में विजय राठौर द्वारा और देपालपुर तहसील में 24 फरवरी को कांग्रेस के राधेश्याम पटेल और 28 फरवरी को महू में भी धरना प्रदर्शन होगा। इन प्रदर्शनों में पूर्व विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल प्रमुखता से मौजूद रहेंगे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि कारखाने की स्थापना के समय किसानों से 1000 व उससे अधिक राशि शेयर के रूप में ली गई थी उस समय जमीन की कीमत 500 प्रति बीघा थी, परंतु आज तक शेयर धारकों को इसका कोई लाभ नहीं मिला। इस संपत्ति पर किसानों व शेयरधारकों का पूरा अधिकार है। किसान नेता जिला पंचायत के पूर्व सदस्य कृपाराम सोलंकी ने प्रेस वार्ता में बताया कि बरलाई शुगर मिल पीड़ित किसानों के अधिकार और हित के लिए सर्वप्रथम तहसील स्तर पर ,फिर जिला स्तर पर और आवश्यकता पड़ी तो प्रादेशिक स्तर पर गांधीवादी तरीके से आंदोलन और धरना प्रदर्शन कर किसानों की आवाज को उठाया जाएगा।

# शक्कर कारखाने की भूमि को उद्योगपतियों को देने पर विरोध और ज्ञापन

## शेयर धारक किसान पहुंचे सांवेर एस डी एम कार्यालय पर, दर्ज कराई आपत्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



जिले के पीर कराड़िया (बरलाई), तहसील सांवेर स्थित मालवा सहकारी शकर कारखाने की भूमि को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा रेडीमेड उद्योग विभाग को सौंप दी। उद्योग विभाग द्वारा नामांतरण के लिए कार्यालय पर आवेदन दिया गया। कार्यालय से नामांतरण के लिए पेपर में विज्ञप्ति निकाली थी किसी को नामांतरण पर आपत्ति हो तो एसडीएम कार्यालय पर आकर आपत्ति दर्ज करे। सैकड़ो शेयर धारक किसानों ने इस निर्णय पर गंभीर आपत्ति ली है। जब यह कारखाना वर्ष 1974-80 के बीच स्थापित हुआ था, तब किसानों ने 1000 प्रति शेयर के हिसाब से अंशपूंजी जमा की थी। उस समय जमीन की कीमत लगभग 500 प्रति बीघा थी। कारखाना बंद होने के बाद भी किसानों को न तो कोई आर्थिक सहायता दी गई और न ही उनकी पूंजी का समुचित हिसाब किया गया। केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद से सार्वजनिक एवं सहकारी संस्थानों को निजी उद्योगपतियों के हवाले किया जा रहा है। शक्कर कारखाने में किसानों की अंशपूंजी लगी होने के बावजूद अब इस जमीन को रेडीमेड गारमेंट उद्योग के लिए निजी हाथों में दे दी गई। कांग्रेस और किसान नेता मोतीसिंह पटेल ने सरकार से मांग की है कि शेयर धारक किसानों की उन्हें उनकी हिस्सेदारी के अनुसार आज के बाजार भाव से उचित मुआवजा दिया जाए। जिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल मोतीसिंह पटेल के नेतृत्व में सांवेर एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई।आपत्ति लेने वालों ने एसडीएम घनश्याम धनकर से यहां तक कहा कि 30 हैक्टेयर जमीन के लिए नामांतरण हेतु आपत्ति के लिए विज्ञप्ति निकाली गई जबकि हकीकत यह है कि मालवा सहकारी शकर कारखाने पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। अगर भूमि का नामांतरण ही नहीं हुआ है तो निर्माण कार्य कैसे शुरू हो सकता है, निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया जाए। यदि सरकार ने शेयर धारक किसानों की मांगों की अनदेखी की तो, कांग्रेस पार्टी किसानों को साथ लेकर आंदोलन करेगी। किसान नेता मोतीसिंह पटेल, श्याम सोनी, सूर्यकुमार ओस्तवाल, सुरेश चौधरी, आशीष चौवीसिया, कल्याणसिंह पंवार, मोतीसिंह सांखला, रघुनाथ सिंह पिछोलिया, यशवंत अंजना मौजूद थे।

# कांग्रेस के 50 लोगों की इकाई में परम्परागत कांग्रेसी छूटने की आशंका

## शहर अध्यक्ष आज देर रात या कल भेज देंगे पदाधिकारियों के 50 नाम प्रदेश को

**महेश मूंगड़ ● सिटी ब्लास्ट**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष तो पहले दौर में 100 से अधिक नामों के पदाधिकारी बनाना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस आला कमान के निर्णय के बाद प्रदेश कांग्रेस ने एक फार्मेट भेजकर शहर कांग्रेस को निर्देशित किया कि कुल 51 पदाधकारियों की इकाई बनाई जाए और यह इकाई भी 21 फरवरी तक बन जाए। इसी तारतम्य में शहर कांग्रेस ने अब 50 लोगों की सूची तैयार करना शुरू की, जिसे आज अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि हमने करीब-करीब नामों को अंतिम रूप दे दिया है और सूची आज देर रात या कल सुबह तक प्रदेश कांग्रेस को इंदौर शहर की ओर से भेज दी जाएगी। इधर परम्परागत कांग्रेसी चिंतित है कि उनका नाम 50 लोगों की इकाई में आएगा या नही, जो परम्परागत रूप से कांग्रेस के धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन और छोटे-छोटे से आयोजन में पहुंचते हैं वे भी संशय में है कि उनके नाम 50 लोगों की इकाई में है या नहीं। इसीलिए आशंका जताई जा रही है कि प्रभारी और वरिष्ठ नेताओं के तालमेल के चलते कहीं शहर कांग्रेस की 50 लोगों की सूची में परम्परागत कांग्रेसियों के नाम छूट न जाए। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इंदौर की साढ़े 5 विधानसभा के अनुसार ही पदों का वितरण होना है और विधानसभाओं का कोटा भी पदाधिकारियों के लिए फिक्स कर दिया गया है। इसलिए पूरी संभावना है कि परम्परागत कांग्रेसी छूट जाएंगे। इसके पूर्व के कांग्रेसियों को उपाध्यक्ष, महासचिव और सचिव व कार्यकारिणी बनाने के लिए छूट दी जाती थी। पहले दौर में ही 350 से अधिक के नाम भेजे जाते थे और बाद में नियुक्ति के दौर चलते थे और शहर कांग्रेस की इकाई 1200 से 1300 तक पहुंच जाती थी, लेकिन पहली बार ऐसा होगा कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष को निर्धारित 51 कांग्रेस पदाधिकारियों की इकाई बनाना है, जो शहर क़ांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के लिए राजनीतिक रूप से काफी तेढ़ी खीर साबित होगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष के सामने भी परेशानी है कि एक तो विधानसभा से निर्धारित कोटा लेना है, फिर प्रभारी और बड़े नेताओं के समर्थकों को भी एडजस्ट करना है। अब अध्यक्ष के सामने यह परेशानी है कि वे साथ देने वाले सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दें या नेताओं के समर्थकों को सूची में शामिल करें। राऊ विधानसभा में सबकुछ जीतू पटवारी की मर्जी से होना है, बची हुई 5 विधानसभाओं में भी प्रभारी और बड़े नेताओं का हस्तक्षेप दिख रहा है। पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और कई वरिष्ठ नेताओं के अलावा कांग्रेसी पार्षदों का भी हस्तक्षेप पदाधिकारियों की सूची में बना हुआ है। पहले बड़े नेता अपने 50 से अधिक समर्थकों को एडजस्ट करवाते थे। अब उनके लिए कुल 50 की इकाई में अपने 5 समर्थकों को एडजस्ट कराने में जोर हो रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष के सामने भी दुविधा बनी हुई है कि किस नेता की बात मानें, किसकी बात अधूरी छोड़े, किसको लें, किसको छेड़ें। फिर भी चिंटू चौकसे ने जैसे-तैसे कार्यकारिणी का स्वरूप अंतिम दौर में पहुंचा दिया है। यह इकाई आज पूरी तरह बनकर देर रात या कल सुबह तक भोपाल भी पहुंच जाएगी। बताया जा रहा है कि पटवारी की पसंद के भी 10 से अधिक नाम सूची में हो सकते हैं। इधर पहले से ही चार ब्लॉक अध्यक्षों का मामालों कांग्रेस अन्दरूनी गुटबाजी में रूका हुआ है। अभी मंडलम और बूथ स्तर के गठन की प्रक्रिया के अलावा ब्लॉक पदाधिकारियों की नियुक्तियां भी की जाना है यह सब आने वाले दिनों में शहर कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। इन 50 पदाधिकारियों में एक कोषाध्यक्ष भी बनाया जाना है, वह नाम भी चिंटू चौकसे की पसंद का शैलेष गर्ग के नाम रूप में तय माना जा रहा है। अब सवाल यही है कि पहले भारी भरकम इकाई बनाने की आदत कांग्रेस की है और अब भाजपा की तर्ज में छोटी इकाई शहर कांग्रेस को बनाना पड़ रही है उसे अब कैसे मूर्तरूप दिया जा रहा है, यह भी एक बड़ी चुनौती है।



## पूर्वी रिंग रोड के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्वी रिंग रोड परियोजना के विरोध में प्रभावित किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना अधिकारी संगीता गोलियां एवं प्रवीण यादव को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखीं। किसानों ने कहा कि प्रस्तावित पूर्वी रिंग रोड का निर्माण 38 गांवों की अति उपजाऊ एवं सिंचित कृषि भूमि से होकर किया जा रहा है, जिससे हजारों किसान परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा। यह रिंग रोड 161 किलोमीटर का है। खासतौर से आम्बेडकर नगरी महू के किसान इसमें मौजूद रहे। सभी का यही कहना था कि किसानों की स्वीकृति के बिना भूमि अधिग्रहण किया जाना उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। किसानों ने मांग की कि पूर्वी रिंग रोड परियोजना को वर्तमान स्वरूप में निरस्त किया जाए, क्योंकि शहर के पूर्वी क्षेत्र में अन्य वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हैं। किसानों ने यह भी सुझाव दिया कि यदि शहर के विकास को देखते हुए सड़क निर्माण आवश्यक हो, तो इसे वर्तमान अलाइनमेंट से 5 से 6 किलोमीटर दूर शासकीय, पड़त, बंजर या कम उपजाऊ भूमि से होकर निकाला जाए ताकि उपजाऊ कृषि भूमि को बचाया जा सके। प्रभावित किसानों ने मांग की कि जिनकी भूमि अधिग्रहित की जा रही है, उन्हें वर्तमान बाजार मूल्य (व्यवहार मूल्य) से कम से कम चार गुना मुआवजा राशि एकमुश्त प्रदान की जाए। साथ ही सभी किसानों को बढ़ी हुई दरों के अनुसार समान मुआवजा देने की भी मांग की। कुछ किसानों ने अपनी शर्ट उतारकर भी प्रदर्शन किया।

## देवगुराड़िया मंदिर शिवरात्रि के लिए आज से यातायात परिवर्तन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्राचीन शिव मंदिर देवगुराड़िया में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था है, खासतौर से ग्रामीण इलाके से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवरात्रि और यहां लगने वाले मेले में पहुंचते हैं। आज से 16 फरवरी तक यहां मेला भी शुरू हो चुका है और कल शिवरात्रि का बड़ा पर्व यहां मनाया जाएगा। हर वर्ष देवगुराड़िया मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, वाहन भी पहुंचते हैं, जिससे जाम की स्थिति लगती है। वहीं श्रद्धालु कतारबद्ध होकर दर्शन करते हैं। मंदिर में और बाहर रोड पर से लेकर पार्किंग तक अच्छी व्यवस्था हो इसके लिए पुलिस और प्रशासन ने चाकचौबंद व्यवस्था की है। बायपास ब्रिज से देवगुराड़िया मंदिर नेमावर रोड तक के ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। अलग-अलग जगह जाने के लिए अलग-अलग व्यवस्था करते हुए रूट मार्ग को डायवर्ट किया है।

## विधायक-पार्षद की जोड़ी ने दे दी डेढ़ करोड़ की सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 5 के वार्ड 51 में विधायक महेन्द्र हार्डिया और पार्षद मलखानसिंह कटारिया की जोड़ी ने करीब डेढ़ करोड़ रु. की सौगात दी। चौधरी पार्क कालोनी से प्रभु टोल कांटे तक बनने वाली सीमेंटेड सड़क के साथ अभिषेक नगर की विभिन्न गलियों में सड़क निर्माण के लिए रहवासियों के साथ भूमिपूजन विधायक और पार्षद की जोड़ी ने किया। बड़ी संख्या में भाजपाई और रहवासी मौजूद रहे। जिनमें दीपक राजौरिया, रेमसिंह बघेल, नरेश पुरोहित, पप्पू नेता, अखिलेश सिंह, युवराज जाजमें, कमला जैसवाल, रोहित पालीवाल, भगवती उपाध्याय, बबलू तंवर, मुकेश बासोलिया, शरद वर्मा, अमृत कजोडिया, दिनेश यादव, राम यादव, भरत यादव, मनीष रायकवार सहित अन्य मौजूद थे।



## हिन्दू सेना संगठन कर रहा है आज वेलेंटाइन-डे पर निगरानी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विशाल हिन्दू सेना संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि आज वेलेंटाइन-डे पर सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को सूचित कर दिया गया है कि वे सक्रिय रहे और आज शहर के प्रमुख पार्क, मंदिर परिसर, सार्वजनिक गार्डन और होटलों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। यदि कोई भी जोड़ा (कपल) सार्वजनिक स्थानों या धार्मिक स्थलों पर अभद्र व्यवहार या मर्यादा का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो संगठन उनके खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाए। मोहित जोरे, कृष्णपाल सिंह, बीएस ठाकुर, मनीष संकत सहित अन्य ने निर्देश जारी किए हैं।

# जिला कांग्रेस में चल रही है पायलट प्रोजेक्ट की तैयारी

## पंचायत समिति का गठन किनारे पर, अब मंडलम का गठन कर अध्यक्ष भी बनाएंगे उसकी हो रही है मैपिंग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस में जहां 51 पदाधिकारियों का गठन किया जाना है।वहीं जिला कांग्रेस में जिला इकाई की जगह पायलट प्रोजेक्ट पर काम हो रहा है, इस पायलट प्रोजेक्ट की स्वीकृति प्रदेश कांग्रेस ने दी है और प्रदेश कांग्रेस की ओर से समय-समय पर प्रभारी पहुंच रहे हैं। इस मामले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि हमने पायलट प्रोजेक्ट की स्वीकृति लेकर पंचायत समिति का गठन भी अधिकतम जगह कर दिया है और नगर पंचायतों में भी वार्ड अध्यक्ष बना दिए गए हैं। अब हम जिला कांग्रेस के अधीन विधानसभाओं में मंडलम का गठन भी कर रहे हैं और इस गठन के बाद मंडलम अध्यक्ष भी बनाएंगे इस मंडलम के लिए मैपिंग भी की जा रही है। मंडलम अध्यक्ष बनने के बाद एक मंडल में 15 से 20 पोलिंग बूथ भी होंगे। उन पोलिंग बूथ पर भी जिम्मेदार बनाए जाएंगे, जिसकी तैयारियां की जा रही है। कुल मिलाकर जिला कांग्रेस ने अब पदाधिकारियों का विस्तारीकरण अलग-अलग रूप में किया है। पंचायत समिति का गठन, नगर पंचायत में वार्ड अध्यक्ष और अब मंडलम अध्यक्ष के बाद बूथ जिम्मेदार भी बनाने की प्रक्रिया की जा रही है।

# नेहरू पार्क की 10 दुकानों का निगम करेगा आवंटन

## मासिक किराए पर 30 साल के लिए लीज पर दी जाएगी दुकानें

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा नेहरू पार्क रोड पर बनी हुई 10 दुकानों को आवंटित किया जाएगा। यह दुकान मासिक किराए पर 30 साल के लिए लीज पर दी जाएगी।**

नगर निगम के मार्केट विभाग के द्वारा नेहरू पार्क रोड पर स्थित खाली पड़ी हुई 10 दुकानों को अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के अंतर्गत प्रवेश अधिकार शुल्क एवं मासिक किराए की दर पर आवंटित किया जाएगा। निगम के द्वारा 30 वर्ष की अवधि के लिए यह दुकान लीज पर दी जाएगी। इस संबंध में नगर निगम के द्वारा ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। इस निविदा में दुकान लेने के इच्छुक व्यक्ति के द्वारा यह बताया जाएगा कि वह प्रवेश अधिकार शुल्क के रूप में कितनी राशि देना चाहता है। जो व्यक्ति ज्यादा राशि देने का प्रस्ताव रखेगा उसके नाम पर दुकान के किराए से आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस दुकान का किराया तो इंदौर नगर निगम के द्वारा तय की गई योजना के अनुसार क्षेत्र की गाइडलाइन पर आधारित होता है।

नगर निगम की यह दुकान पिछले काफी समय से खाली पड़ी हुई है। इन दुकानों का आवंटित करने के लिए पूर्व में नगर निगम के द्वारा जो कोशिश की गई थी वह कोशिश फेल हो गई थी इसके बाद से निगम के द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। अब नगर निगम के द्वारा एक बार फिर मार्केट विभाग के पास खाली पड़ी हुई दुकानों को आवंटित करने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है। पिछले दिनों नगर निगम के द्वारा नंदलालपुरा में फल एवं सब्जी मार्केट में बनाई गई दुकानों के आवंटन का टेंडर जारी किया गया था। अभी नगर निगम के पास बहुत से स्थान पर दुकान खाली पड़ी हुई है इन दुकानों के खाली होने के कारण ना नगर निगम को किराया मिल पाता है और ना ही प्रवेश अधिकार शुल्क की राशि प्राप्त हो रही है।

# राज्यपाल दिखाएंगे एनीमिया जागरूकता रथ को हरी झंडी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एनीमिया जन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत 17 फरवरी को अभियान का शुभारम्भ राज्यपाल मंगूभाई पटेल एनीमिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर करेंगे। एनीमिया गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के बीच तेजी से फैलती एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। इसमें जागरूकता की आवश्यकता है। मानव शरीर में खून की कमी होने पर व्यक्ति को थकान, चक्कर, कमजोरी, ध्यान की कमी और कार्यक्षमता में गिरावट जैसी समस्याएँ होने लगती हैं। समय पर पहचान और सही पोषण न मिलने पर यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। इसी उद्देश्य से समाज को जागरूक करने के लिए 'एनीमिया जागरूकता रथ' के माध्यम से एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। सांसद शंकर लालवानी, विधायक, कुलगुरु भी राज्यपाल के साथ मौजूद रहेंगे। आयोजन से डॉ. ए.के. द्विवेदी, डॉ वैभव चतुर्वेदी, डॉ कनक चतुर्वेदी, डॉ अथर्व द्विवेदी, सरोज द्विवेदी, दीपक उपाध्याय, विनय पांडेय भी अपनी भूमिका निभाएंगे। इस रथ के माध्यम से शरीर में लौह तत्व बढ़े उसके लिए भी हरी सब्जी से लेकर अन्य खानपान की जानकारी दी जाएगी, अलग-अलग क्षेत्रों में पहुँचकर जनसंवाद, परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करेगा।

# संचार नगर में 25 लाख की योगशाला का लोकार्पण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



**महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा आज सुबह वार्ड क्रमांक 41 में संचार नगर में 25 लाख रुपए की लागत से बनाई गई योगशाला का लोकार्पण किया गया।**

जनता चौपाल के दौरान भार्गव द्वारा क्षेत्रीय रहवासियों से संवाद किया गया। नागरिकों की समस्या एवं सुझाव को आवेदन फार्म के माध्यम से प्राप्त करते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्या निराकरण के निर्देश दिए गए। भार्गव ने कहा कि स्वच्छ इंदौर के साथ ही स्वस्थ इंदौर की संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से इंदौर शहर में समस्त 85 वार्डों में योग शेड निर्माण के अंतर्गत 40 से अधिक वार्ड में योग शेड का निर्माण किया जा चुका है। वार्ड 48 में निर्मित योग शेड स्थल पर सुबह और शाम को योग के पश्चात दिन में बच्चे पढ़ाई के लिए भी उपयोग कर सकते हैं। भार्गव ने कहा कि इस वार्ड में अभी तक लगभग 8 करोड़ के काम पूरे कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमने आने वाले भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2040 तक इंदौर की 60 लाख की जनसंख्या के लिए नर्मदा के चौथे चरण के लिए कार्य प्रारंभ किया है।

विधायक महेंद्र हार्डिया ने कहा कि इंदौर के भविष्य को देखते हुए नर्मदा के चौथे चरण के लिए कार्य किया जा रहा है। मेरे द्वारा विधायक निधि से भी योग शेड का निर्माण किया गया था। पर निगम द्वारा बनाए गए योग शेड बहुत ही सुंदर और आकर्षक है।

# मुंबई के अंधेरी से पकड़ा गया कातिल क्लासमेट!

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एमबीए छात्रा की नृशंस हत्या के बाद फरार क्लासमेट को इंदौर पुलिस द्वारा मुंबई पुलिस की मदद से अंधेरी इलाके से हिरासत में लेने की सूचना है। पुलिस की एक विशेष टीम आरोपी को लेकर इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है, जहाँ उससे हत्याकांड की कड़ियों को लेकर पूछताछ की जाएगी।**

सूत्रों के मुताबिक क्लासमेट पीयूष धामनोदिया की लोकेशन मुंबई में होने की जानकारी के बाद स्थानीय अफसरों ने मुंबई पुलिस के अफसरों से संपर्क किया और उसे अंधेरी इलाके से पकड़ा गया।हालांकि पुलिस अधिकारियों ने खबर लिखे जाने तक उसके पकड़े जाने की पुष्टि नही की है।

उधर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस केवल मुख्य आरोपी तक सीमित नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, आज दोपहर आरोपी पीयूष के परिजनों को भी पूछताछ के लिए तलब किया गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात के बाद आरोपी को फरारी काटने में किन लोगों ने मदद की और क्या इस साजिश की जानकारी उसके परिवार को पहले से थी।छात्रा का शव शुक्रवार को निर्वस्त्र और सड़ी-गली अवस्था में मिला था। आज मेडिकल बोर्ड की मौजूदगी में मृतका का पोस्टमार्टम किया जाएगा। हालांकि, शुरुआती जांच और घटनास्थल के हालातों को देखते हुए पुलिस अधिकारियों का मानना है कि छात्रा की गला घोंटकर हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इस बात की पुष्टि होगी कि हत्या कब की गई और क्या हत्या से पहले छात्रा के साथ कोई अन्य ज्यादती भी हुई थी। गौरतलब है कि 10 फरवरी से लापता 25 वर्षीय छात्रा का शव उसके क्लासमेट पीयूष के बंद कमरे में मिला था। आरोपी ने छात्रा के ही मोबाइल से उसका आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर उसे बदनाम किया और ब्लैकमेलिंग के बाद उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने वीडियो में अपना चेहरा इमोजी से छुपा रखा था, लेकिन पुलिस की तकनीकी जांच में उसकी लोकेशन मुंबई ट्रैक हुई।

# तेज रफ्तार कार ने दो साल की मासूम को कुचला, मौत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लसूडिया2 थाना इलाके में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। एक बेलगाम कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए घर के बाहर मौजूद दो वर्षीय मासूम बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, घटना हरे कृष्ण विहार कॉलोनी निपानिया की है। 12 फरवरी की सुबह 2 वर्षीय प्रथिमा पिता प्रदीप सहेरिया कॉलोनी में सड़क किनारे मौजूद थी। इसी दौरान कार क्रमांक एमपी-09 एटी 0452 के चालक ने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए बच्ची को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्ची कार के नीचे आ गई और उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद कॉलोनी में चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही लस-ड़िया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# जयगुरुदेव आश्रम में स्थापना महोत्सव शुरू

## बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जयगुरुदेव आश्रम तेजाजी नगर मिर्जापुर में आज से 16 फरवरी तीन दिनों तक मंदिर के स्थापना दिवस के अन्तर्गत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में आयोजन हो रहा है। आज सुबह से धार्मिक आयोजन की शुरूआत हुई है बाहर से भी श्रद्धालु पहुंचे हैं, मंदिर में रोशनी की गई है। कल 15 फरवरी को सामाजिक संदेश के साथ रैली निकाली जाएगी। आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसाद भी तैयार किया गया है। बड़ी में सेवादार लगे हैं।

# दीक्षांत समारोह की हुई रिहर्सल



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगू भाई पटेल की उपस्थिति में 17 फरवरी को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की पूर्व तैयारी के अंतर्गत कल औपचारिक रिहर्सल की गई। यह रिहर्सल कुलपति प्रो राकेश सिंघई तथा कुलसचिव प्रज्ज्वल खरे के निर्देशन में आयोजित की गई।**

रिहर्सल के दौरान दीक्षांत समारोह की पारंपरिक शोभायात्रा (प्रोसेशन) का अभ्यास भी किया गया। यह प्रोसेशन ऑडिटोरियम के प्रांगण से प्रारंभ होकर सभागार के मंच तक निकाला गया, जि-सके माध्यम से विशिष्ट अतिथियों को विधिवत मंचासीन कराया गया। इसके पश्चात पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमबद्ध रूप से मंच पर आमंत्रित करने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। एक बार में छह विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर उनका सामूहिक छायाचित्र लेने की व्यवस्था का परीक्षण किया गया। शैक्षणिक सत्र 2023–2024 एवं 2024–2025 के अंतर्गत 2 डी.लिट्. तथा 200 से अधिक पीएचडी उपाधि प्राप्तकर्ताओं के साथ समूह छायाचित्र लिए जाने की तैयारी की जा रही है। दीक्षांत समारोह की अगली एवं अंतिम रिहर्सल 16 फरवरी को आयोजित की जाएगी।

# शास्त्री ब्रिज के नवनिर्माण का फैसला आसान नहीं है डगर

## लंबे समय तक ब्रिज को बंद करके रखना संभव नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सांसद शंकर लालवानी की पहल पर रेल विभाग के द्वारा इंदौर के शास्त्री ब्रिज के नवनिर्माण का फैसला लिया गया है। इस ब्रिज का नया निर्माण करना आसान काम नहीं है। वर्तमान ब्रिज को तोड़कर लंबे समय तक रास्ते को बंद नहीं रखा जा सकता है।

कल पश्चिम रेलवे इंदौर नगर निगम इंदौर विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा शास्त्री ब्रिज का दौरा किया गया। इस दौरे के दौरान इन अधिकारियों के द्वारा इस बात पर चर्चा की गई कि इस ब्रिज का नवनिर्माण किस तरह से किया जाएगा। अभी यह ब्रिज चार लाइन का है। इसमें से दो-दो लाइन आने और जाने के रास्ते के लिए है। अब इस ब्रिज को 6 लाइन किया जाना है। इसके लिए जितनी जगह चाहिए उतनी जगह आसपास के दोनों तरफ में नहीं मिल पा रही है। उस जगह में दो फीट जगह की कमी पड़ रही है।

कल के दौरे के दौरान अधिकारियों के सामने भी सबसे बड़ा सवाल यही था कि यदि इस ब्रिज को नया बनाया जाएगा तो पूरे ब्रिज को तोड़ा जाएगा ऐसे में कोई वैकल्पिक रास्ता वाहनों के आने जाने के लिए नहीं है। ऐसी स्थिति में इस रास्ते को बंद कर शहर के लोगों को अपना काम करने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है। इस मामले में सांसद शंकर लालवानी का भी कहना था कि आवश्यक यह है कि इस ब्रिज का निर्माण इस तरह से किया जाए की यातायात भी चला रहे और किसी को समस्या भी नहीं आए। वे इस बात से सहमत है कि इस रास्ते को बंद करते हुए ब्रिज का नया निर्माण नहीं किया जा सकता है।



कल की बातचीत के दौरान अधिकारियों के द्वारा यह तय किया गया है कि इस ब्रिज के आसपास जो नया निर्माण किया जाना है पहले उसको किया जाएगा उसके बाद में ब्रिज वाले वर्तमान के क्षेत्र को तोड़ने का काम किया जाएगा। ऐसा करने से यातायात में कहीं कोई समस्या नहीं आएगी। यातायात इस ब्रिज का बराबर चलता रहेगा और ब्रिज का निर्माण भी होता रहेगा। इसके साथ ही ब्रिज की लंबाई को बढ़ाने का मामला सामने आया तो अभी प्रारंभिक तौर पर यह तय किया गया है कि ब्रिज की एक भुजा गांधी प्रतिमा के आगे जाकर उतरेगी। जबकि दूसरी तरफ की भुजा संभाग आयुक्त कार्यालय के पास में आकर उतरेगी। अभी पश्चिम रेलवे को इस ब्रिज के निर्माण के लिए ड्राइंग डिजाइन बनाने का काम करने हेतु कहा गया है। जब ड्राइंग डिजाइन बनकर तैयार हो जाएगी तो फिर उसके बाद में एक बार फिर इस विषय पर चर्चा होगी। उसके बाद में ही आगे के फैसले लिए जा सकेंगे।

### पास में ही है मेट्रो स्टेशन

इस ब्रिज के निर्माण स्थल के पास में यानी की रानी सराय पुलिस कार्यालय में मेट्रो कंपनी के द्वारा मेट्रो रेल का स्टेशन भी बनाया जा रहा है। इस स्टेशन के बनने के बाद वहां पर आवाजाही मेट्रो के हिसाब की शुरू हो जाएगी उसके साथ ही उस समय पर नए ब्रिज के निर्माण का कार्य भी चल रहा होगा। इस तरह से इन दोनों प्रोजेक्ट के बीच में सामंजस्य बनाकर काम करने की आवश्यकता भी महसूस की गई।

### सबसे ज्यादा है यातायात

गांधी हॉल को रीगल चौराहा से जोड़ने वाले इस ब्रिज पर सबसे ज्यादा यातायात है इसके साथ ही शहर के मध्य क्षेत्र में जवाहर मार्ग के पटेल ब्रिज पर भी बडा यातायात है। इन दोनों ब्रिज के माध्यम से ही पूर्वी क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र जुड़ता है। इसके अलावा राजकुमार मिल रेलवे ओवर ब्रिज भी यातायात में सहयोगी साबित होता है।



## 20 हजार का स्पॉट फाइन किया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्राइवेट संस्था सम्पत संघवी ग्रुप ने फुटपाथ और ड्रेनेज लाइन पर बगैर स्वीकृति के काम शुरू कर दिया। संस्था पर 20 हजार रु. की चालानी कार्रवाई निगम के सीएसआई सौरभ साहू, बिल्डिंग इंस्पेक्टर राकेश शर्मा, गजानन्द बद्रे और फाउंडेशन की टीम ने की।



## 45 कट्टे पोलीथीन के जब्त

### 1 लाख रु. का सामान जब्त, स्पाट फाईन भी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मियों ने झोन 12 वार्ड 59 के अन्तर्गत आनंद परमानी के यहां से प्रतिबंधित 1 लाख रुपए के प्लास्टिक कैरी बेग जब्त किए और उन पर स्पाट फाईन भी किया गया। अनिल सिरसिया, गौतम भाटिया, लाखन लोधी, पवन खोडे, विक्की खोडे, आशीष ऊंटवाल ने कार्रवाई की।

# निगम के ज़ोन अधिकारी बनेंगे जनगणना में मास्टर ट्रेनर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जिले में जनगणना की तैयारी आरंभ होने जा रही है शुक्रवार को कलेक्टर शिवम वर्मा और संभाग आयुक्त भोपाल में हुई विशेष बैठक में शामिल हुए इस दौरान जनगणना की प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए जिसमें नगर निगम के जो अधिकारी जनगणना के कार्य में विशेष भूमिका निभाने वाले हैं सभी 22 जून के जोन अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया जाएगा जो अपने-अपने जोन में जनगणना के कार्य को संपन्न करेंगे इस दौरान इन्हें प्रत्येक वार्ड में जनगणना कार्य शुरुआत से लेकर संपन्न करने तक की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनगणना कार्य पूरी तरह से डिजिटल संसाधनों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संपन्न होगा। नगर निगम के जोन अधिकारियों को जनगणना करने वाले कर्मचारियों की मॉनिटरिंग करने एवं दिशा निर्देश अनुसार डाटा फीड करवाना होगा फील्ड में आने वाली समस्या प्रत्येक वार्ड को अलग-अलग सेक्टर में डिवाइड समय सीमा में सर्वे करवाने की जवाबदारी भी अधिकारी की होगी। पहले चरण में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित सवालों के जवाब जैसे घर का मकान, प्राइवेट या सरकारी नौकरी, बच्चों की शिक्षा निजी या सरकारी स्कूल में हो रही है, भोजन में सबसे अधिक कौन सा अनाज इस्तेमाल करते हैं, कितने लोन की किस्त आप भर रहे हैं जैसे सवालों के जवाब लिए जाएंगे। नगर निगम सीमा क्षेत्र में निगम आयुक्त मुख्य मास्टर ट्रेनर होंगे उनके सानिध्य में सभी ज़ोन अधिकारी काम करेंगे। इस कार्य के लिए नगर निगम के लगभग 3000 से अधिक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जा सकती है। फिलहाल कर्मचारी की नियुक्ति संबंधी कार्य जिला प्रशासन का एनआईसी और सांख्यिकी विभाग काम कर रहा है। आगामी में माह से सभी जोन अधिकारियों के लिए प्रथम प्राथमिकता जनगणना कार्य होगा इस कार्य में चूक होने एवं लापरवाही होने पर सख्त कार्रवाई भी होगी। जल्द ही इस काम के लिए ट्रेनिंग सेशन आरंभ हो जाएंगे शुरुआत में वरिष्ठ अधिकारियों की ट्रेनिंग होगी इसके बाद नगर निगम जो अधिकारी सीएमओ एवं पंचायत स्तर पर ट्रेनिंग कार्य होगा।

# अमेज़न उपभोक्ता को राशि लौटाएं

### क्षतिपूर्ति के आदेश, ऑनलाइन खरीदी सेवा में कमी सिद्ध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग क्रमांक-1, इंदौर ने ऑनलाइन ई-कॉमर्स कंपनी अमेज़न के विरुद्ध महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए उपभोक्ता के पक्ष में निर्णय दिया है। जागरूक उपभोक्ता समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार अमोलिया द्वारा परिवादी की ओर से केस लड़ा गया और आयोग की सदस्य डॉ. निधि बारंगे द्वारा आदेश पारित किया गया।

आयोग की सदस्य डॉ. बारंगे ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि प्रकरण में उपभोक्ता को सेवा में कमी का सामना करना पड़ा, जिसके लिए विपक्षी कंपनी उत्तरदायी है। परिवादी मयंक जैन, निवासी वर्धमान नगर, भुवानी, इंदौर द्वारा प्रकरण दायर किया गया था। परिवाद के अनुसार, परिवादी ने अमेज़न की वेबसाइट के माध्यम से अगस्त 2021 में दो परिधान उत्पाद (डिज़ाइनर लहंगा चोली) ऑनलाइन ऑर्डर किए थे, जिनकी कुल कीमत 97 हजार 998 रुपये थी। उत्पाद प्राप्त होने पर वे अपेक्षित गुणवत्ता एवं विवरण के अनुरूप नहीं पाए गए। इसके पश्चात परिवादी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उत्पाद लौटाए गए, किंतु इसके बावजूद कंपनी द्वारा आज तक भुगतान की गई राशि वापस नहीं की गई। आयोग की सदस्य डॉ. निधि बारंगे के समक्ष सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि परिवादी ने समय-समय पर कंपनी से संपर्क किया। कम्पनी द्वारा संतोषजनक समाधान नहीं किया गया। सदस्य डॉ.निधि बारंगे ने यह भी माना कि विपक्षी द्वारा प्रस्तुत तर्क एवं दस्तावेज़ सेवा में कमी को नकारने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। प्रकरण की सुनवाई अध्यक्ष विकास राय तथा सदस्य कुंदन सिंह चौहान एवं आयोग की सदस्य डॉ. निधि बारंगे की पीठ द्वारा की गई। आयोग ने निर्णय पारित करते हुए अमेज़न को निर्देशित किया कि परिवादी को दोनों उत्पादों की कुल राशि एक लाख रुपये 45 दिवस के भीतर लौटाई जाए तथा उक्त राशि पर 21 दिसंबर 2021 से भुगतान की तिथि तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देय होगा। साथ ही मानसिक कष्ट के प्रतिकर स्वरूप 10 हजार रुपये तथा वाद व्यय के रूप में 5 हजार रुपये अतिरिक्त रूप से अदा किए जाएं। आयोग ने यह भी निर्देश दिए कि आदेश की प्रति निःशुल्क उपलब्ध कराई जाए तथा आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाए। यह निर्णय ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से खरीदारी करने वाले उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ऑनलाइन कंपनियाँ भी उपभोक्ता कानून के दायरे में पूर्णतः उत्तरदायी हैं।

# मुनि सुव्रतनाथ भगवान को लाडू अर्पण



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर आज दिगम्बर जैन लश्करी मंदिर गोराकुण्ड पर निर्वाण लाडू चढ़ाए। बड़ी संख्या में दिगम्बर जैन समाजजन लश्करी मंदिर के अलावा भी अन्य मंदिरों में आज मौजूद रहे। लश्करी मंदिर में वीरेन्द्र बड़जात्या, भरत बड़जात्या, सोनू बड़जात्या, गौरव जैन, धनकुमार अजमेरा, सरिता जैन, सोनल बड़जात्या सहित अन्य मौजूद थे।

# मंडोवरा चिकित्सक दे रहे हैं सेवाएं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट





डॉ. वैभव मंडोवरा ऑर्थोपेडिक सर्जन के रूप में सुदामा नगर सेठी गेट पोस्ट ऑफिस के पीछे, जहां सेवाएं दे रहे हैं। वहीं डॉ. शलाका मंडोवरा डेंटल सर्जन के रूप में सांई द्वार हवा बंगला मेन रोड के सामने स्वामी रामदयाल द्वार पर सेवाएं दे रही है। डॉ. वैभव मंडोवरा और डॉ. शलाका मंडोवरा अपने से जुड़े हुए लोगों के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। हड्डी, जोड़, रीढ़ से संबंधित डॉ. वैभव मंडोवरा और दंत व मसूड़ों की समस्या का उपचार डॉ. शलाका मंडोवरा दे रही हैं। डॉ. वैभव और डॉ. शलाका ने कल रविवार को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं भी सभी को दी है।



# न्याय नगर में महादेव आराधना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। न्यायनगर उद्यान सुखलिया स्थित महादेव मंदिर में त्रिदिवसीय शिवरात्रि महोत्सव कल से शुरू हो गया। मातृशक्तियों ने महादेव को हल्दी लगाई और फिर भजन पर नृत्य भी किया। आज महादेव को मेहंदी लगाई जाएगी और कल रविवार को अभिषेक, पूजन, श्रृंगार, महाआरती और प्रसादी वितरण का आयोजन होगा। कविता पचौरी, पायल मलूकानी, भावना मलूकानी, सीमा पचौरी, जया बोस, आशापुरे सहित अन्य मातृशक्तियां मौजूद थी।

# दिल है कि मानता नहीं' की महफ़िल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था सुर अंजलि की मेजबानी में जाल सभागृह में 'दिल है कि मानता नहीं' की महफ़िल का आयोजन गीत-संगीत के साथ संगीत प्रेमियों की मौजूदगी में किया गया। एक के बाद एक गीतों की प्रस्तुतियां हुई। 14 गायकों अर्चना भास्कर, हरि पी श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुलकर्णी, डॉ. कीर्ति चतुर्वेदी, संगीता पुराणिक, डीपी श्रीवास्तव, हंसा साहू, किशोर पांडव, राजकुमार झा, राजेंद्र कुलकर्णी, शिरीष गोडबोले, आलोक जैन, सुनैना नाइक ने 30 गीतों की प्रस्तुति दी। अतिथि मीरा निगम, नीना सैनी, रवि गुप्ता, मंजीत खालसा, सतीश पांडे,कार्तिकी तिवारी, दीपेश जैन, आलोक वायपेयी, स्वप्नेश सोनी, बाबला का स्वागत संजीव राय, गुड्डू मिश्रा ने किया।




# जीवन प्रवाह का पौधा वितरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था जीवन प्रवाह ने कल एकादशी पर तुलसी के पौधों का वितरण किया और सभी से संकल्प लिया कि तुलसाजी के दो पौधे जरूर ग्यारस पर लगाए। प्रकाश सोनी, राजेन्द्र स्वर्णकार, एडवोकेट राजकुमार मेहता ने बताया कि बद्रीनारायण मंदिर नृसिंह बाजार में यह पर्यावरणहित के साथ तुलसाजी से जुड़ा होने के कारण धार्मिक हित का आयोजन किया गया।






# नमोकार धाम पंचकल्याणक के लिए जैन समाजजन रवाना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जैन समाजजनों की मौजूदगी में 15 बस नमोकार धाम पंचकल्याणक के लिए 751 जैन समाजजनों के साथ बस को रवाना किया, तीर्थ स्थल पर प्रथम महामस्तकाभिषेक के अलावा तीर्थ यात्रा भी की जाएगी। डॉ. अशोक आशा बड़जात्या, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, जैनेश झांझरी, वीरेन्द्र बड़जात्या, पवन जैन, विपिन गंगवाल, दीपक पाटनी, नीलेश सेठी, पवन पाटोदी, प्रमोद पापड़ीवाल, पवन पाटनी, महावीर बेनाड़ा, जिनेन्द्र सेठी, जय गोधा, कमल गदिया, पुष्पेन्द्र वेद, दिनेश सिंघई मौजूद थे।

# गेंदेश्वर महादेव हो गए हल्दीमय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शिवधाम परदेशीपुरा स्थित गेंदेश्वर महादेव मंदिर में आज भोलेनाथ के शिवलिंग हल्दीमय नजर आए। आज सुबह से उन्हें हल्दी लगाई गई। विगत दिनों से मंदिर में शिवरात्रि का धार्मिक महोत्सव चल रहा है और कल मुख्य आयोजन शिवरात्रि पर होगा।



# विधि महाविद्यालय में काव्य गोष्ठी




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा मासिक काव्य गोष्ठी 'कविताई' का आयोजन शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय में आयोजित की। डॉ. अर्पण जैन 'अविचल', आकाश यादव, पारस बिरला, आशीष पंवार, रिया मोरे, कुलश्रेष्ठ शर्मा, गौरव पटेल, पूजा राज, निशा रघुवंशी, नारायण दोगायां, शिवम सिंह, पवन जोशी, आशु सूर्यवंशी, प्रशांत राव चौकसे, नौशिन शेख, अनीता बिरला, आरती अंजाना, छात्रशाल कुशवाह, अनुराग, सौरव गौसर व शिवम त्रिपाठी ने प्रस्तुतियां दीं।

# मनी मेला में इतिहास से रुबरु

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गांधी हाल में इतिहास से सीधे संवाद, अतीत में झाँकने और वर्तमान का मूल्यांकन करने के लिए मनी मेला का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय मनी मेला का शुभारम्भ हुआ। अतिथि डॉ. रामचंद्र ठाकुर, प्रकाश परांजपे थे। भगवान सिंह ठाकुर, विजय सोनी, प्रद्युम्न झरिया, चिराग त्रिवेदी, प्रतीक सोनी, रामचंद्र ठाकुर एवं मेजर डॉ. महेश गुप्ता सहित 11 मुद्रा संग्राहकों का सम्मान भी किया गया। क्रार्यक्रम में गिरीश शर्मा, विराज भार्गव, दाऊलाल जौहरी, डॉ. महेश गुप्ता, आलोक खादीवाला, मुन्ना भार्गव, लक्ष्मीकांत जैन, मनोज कुमार शास्त्री, विपिन भार्गव, राजेश शाह ने अपनी भूमिका निभाई।



# राष्ट्रीय पुस्तक मेला दो दिन और



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्थानीय गांधी हॉल कैम्पस में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेला में संविधान पर आधारित पहली बार मेले में आईं करीब 40 से ऊपर पुस्तकें आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। जैसे-जैसे मेला अपनी समाप्ति की ओर बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे पाठकों की भीड़ में भी इजाफा हो रहा है। पुस्तक मेला अब शहर में सिर्फ दो दिन के लिए है यानी कल रविवार मेला का अंतिम दिन होगा।



# अग्र दूल्हा-दुल्हन का आज शाम सामूहिक विवाह

## कल हुआ था संगीत आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बायपास स्थित अग्रसेन महासभा भवन पर अग्रवाल समाज के चार युगल का आज परिणय संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। कल महिला संगीत, फाग महोत्सव का आयोजन भी किया गया। आज सायं 4 युगलों का परिणय बंधन होगा। आज विवाह के बाद नवयुगल को सामाजिक संकल्प भी दिलाए जाएंगे। कैलाश नारायण बंसल, राजेश मित्तल चौधरी, राजेश जिंदल, प्रमोद बिंदल, एसएन गोयल, सतीश गुप्ता, अरुण जैन, ब्रजकिशोर गोयल एवं वरिष्ठ विनोद अग्रवाल, राजेश गर्ग कैटी, प्रकाश मोमबत्ती, महेन्द्र पीडी अग्रवाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# गोवर्धननाथ मंदिर में उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री गोवर्धननाथजी मंदिर यशवंतगंज में फागुन मास के अन्तर्गत सात दिवसीय मनोरथ दर्शन का आयोजन किया जा रहा है। प्राकृतिक रंगों से भगवान को होली खिलाई। वैष्णवजनों ने अपने प्रभु के दर्शन भी किए। नीलेश नीमा, डॉ डी. एल. गुप्ता, नटवर मणिहार, डी.डी. महाजन, प्रमोद नागर, रीतेश मंत्री, मनोज नागर, सुरेश ठाकुर ने बताया कि रोजाना अलग-अलग उत्सव होंगे। ठाकुरजी के राजदरबार श्रृंगार के अलावा रास गरबा भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। वैष्णवजन पारंपरिक भजनों पर नृत्य करेंगे। उत्सव के साथ-साथ मंदिर में शुभ यज्ञोपवीत का प्रस्ताव भी चल रहा है। इसी कड़ी में कल सायंकाल 'गोद भराई' की रस्म उल्लासपूर्वक संपन्न हुई और आज सुबह 'ग्रहशांति' का विधान किया जाएगा।



# ताकत और उर्जा को फटने मत दो-युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पूज्य युवाचार्य महेन्द्र ऋषि म.सा. एवं साध्वी मंडल का नवलखा चौराहे से मंगल जुलूस के साथ जानकी नगर स्थानक पर प्रवेश हुआ। प्रवचन में युवाचार्य महाराज ने कहा कि हमारे शुभ कर्मो से हमें यह जीवन और जिन धर्म मिला है यह हमारी पुण्यवाणी से मिला है। पूर्व जीवन के पुण्य से ही इस जन्म में सुख मिल रहा है। साधना का लक्ष्य होना चाहिये, लक्ष्य को धर्म के रूप में स्वीकार करो। हमारी ताकत और ऊर्जा को फटने मत दो उसे बढ़ाने का काम करना चाहिए जिससे ऊर्जा निरंतर बनी रहेगी। धर्मचंद आर चोरडिया, गजराज बेताला, रणधीर कोठारी, पीयूष जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# चौधरी मेमोरियल हॉल का लोकार्पण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ महू (आईएईए) के मुख्य सम्मेलन कक्ष को स्वर्गीय के.सी. चौधरी की पुण्य स्मृति में 'के.सी. चौधरी मेमोरियल हॉल' के रूप में समर्पित किया गया। सुरेश खंडेलवाल, प्रो. एसवाय शाह, प्रो. राजेश, प्रो. एन.के. अंबष्ट, डॉ. एच.सी. श्रीधर रंगा रेड्डी, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. डॉ. सुनील शर्मा, के.पी. मंडिलवार, मृदुला सेठ, प्रो. अर्चना कौशिक, निशात फारूक, डॉ. वर्षा दास, के.के. सेठी, डॉ. ए. मैथ्यू उपस्थित रहे।





# जीरो एलिवेशन -पॉल्यूशन ट्रैक पर फुल मैराथन कल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

एकेडमी ऑफ इंदौर मैराथनर्स से जुडे नितिन अग्रवाल, सुमित रावत, विजय सोहनी ने बताया कि भारत में पहली बार ज़ीरो एलिवेशन और ज़ीरो पॉल्यूशन ट्रैक पर फुल मैराथन (42.195 किमी) का आयोजन नेट्रेक्स पीथमपुर में कल 15 फरवरी को होगा जिसमें देशभर से लगभग 500 धावकों के भाग लेने की संभावना है। मैराथन सभी विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप आयोजित की जाएगी। एकेडमी को इस रन के लिए अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स एसोसिएशन से सर्टिफिकेशन प्राप्त हो चुका है। इसके परिणामस्वरूप इस मैराथन का समय विश्व की सभी प्रमुख मैराथनों के लिए क्वालीफाइंग टाइम के रूप में मान्य होगा। इस रन में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपनी बिब और टी-शर्ट आज सुबह से ले रहे है जो शाम 5 बजे के बीच नेहरू स्टेडियम की प्रथम मंजिल स्थित एकेडमी के कार्यालय से ली जा रही है। जो धावक कल सुबह दौड़ में शामिल होना चाहे उनके लिए सुबह 4 बजे स्टेशन से बस की सुविधा मिलेगी, सीधे पहुंचने वाले धावकों को 5 बजे नेट्रेक्स पहुँचना अनिवार्य है। मैराथन का शुभारंभ ठीक प्रातः 6 बजे किया जाएगा।

# लक्ष्मी मंदिर में चल रहा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री महालक्ष्मी मंदिर उषानगर में न्यास द्वारा 9 फरवरी से 15 फरवरी तक 7 दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आज और कल दो दिनों तक महत्वपूर्ण आयोजन किए जा रहे है। ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार कर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिथि दीपेश व्यास, दादू महाराज, योगेन्द्रसिंह राठौर, महेश तोतला के अलावा चंद्रशेखर राठौर, सरिता राठौर, प्रतीक नमीषा राठौर मौजूद थे।

# क्लर्क कालोनी में आज और कल शिवरात्रि महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** क्लर्क कालोनी में शिवरात्रि महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन आज के बाद कल भी किया जाएगा। पं. सुरेश शर्मा महाराज जयपुर वाले के सानिध्य में आज गणेश पूजन, मंडल पूजन एवं हल्दी और कल शिवरात्रि पर रुद्राभिषेक एवं भगवान नर्वदेश्वर का नगर भ्रमण का आयोजन होगा। हवन के बाद पूर्णाहुति भी होगी, प्रसादी का आयोजन भी किया गया है। उक्त जानकारी श्रीकृष्ण दिलीपसिंह रघुवंशी ने दी।





# भोले बाबा को लगाई मेहंदी

## आज उबटन, कल केसर जल से स्नान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर आयोजन में कल दूल्हा बने भगवान शिव और दुल्हन बनी गौरा मैया को मेहंदी लगाई। अनेक परिवार ढोल-ढमाकों के साथ अपने-अपने घरों से मेहंदी घोलकर लाए और नाचते-गाते हुए दूल्हा-दुल्हन को मेहंदी लगाई। मंदिर पर आज शनिवार को सुबह से दूल्हा-दुल्हन को लेपन-उबटन लगाने की रस्म की जा रही है। केसर जल से स्नान भी कराया जा रहा है। कल भी मुख्य आयोजन होगा। मां वैष्णोदेवी की गुफा से निकलकर जो भक्त जाएंगे उन्हीं को भोलेबाबा के दर्शन होंगे।

# खाटूश्याम बाबा के दर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खाटूश्याम मंदिर हवा बंगला में श्रद्धालुओं की दर्शन की भीड़ कल भी नजर आई। शृंगार दर्शन कर आरती में भी शिरकत की। खिचड़ी प्रसाद भी वितरित किया गया। उक्त जानकारी पुजारी मोहन हटकर ने दी।


बहनों को मिल रही
आत्मनिर्भरता की राह
1.25 करोड़
से अधिक
लाड़ली बहनों को
₹1836 करोड़ का अंतरण
विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
14 फरवरी, 2026 । अपराह्न 2:30 बजे
नगर पंधाना, जिला खण्डवा
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
अब तक
लाड़ली बहनों को
₹52,304 करोड़ की
राशि अंतरित
डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय
मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11204/25

## संपादकीय

# स्कूल परिसर में सरेआम हत्या व्यवस्था की विफलता और असुरक्षित शिक्षण संस्था

मामला सिर्फ पुलिस या किसी अन्य सुरक्षा एजेंसी का ही नहीं है, बल्कि प्रत्येक संस्थान के संचालकों और प्रबंधन की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि परिसर में आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के देहरा स्थित एक सरकारी स्कूल में महिला कर्मी की विद्यार्थियों के सामने हत्या कर देने की घटना ने न केवल शिक्षण संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी झकझोर दिया है। किसी व्यक्ति का सरेआम स्कूल परिसर में घुसकर इस तरह की संगीन वारदात को अंजाम देना दर्शाता है कि समाज और समूची व्यवस्था में सुरक्षा की स्थिति क्या है। ऐसा लगता है कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के भीतर कानून का खौफ खत्म हो गया है और उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। ऐसे में घर की दहलीज से लेकर सड़क, कार्यस्थल या विद्यालय, कहीं भी कोई खुद को सुरक्षित कैसे महसूस कर पाएगा! मगर सवाल है कि इस स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है? मामला सिर्फ पुलिस या किसी अन्य सुरक्षा एजंसी का ही नहीं है, बल्कि प्रत्येक संस्थान के संचालकों और प्रबंधन की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि परिसर में आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के एक सरकारी प्राथमिक स्कूल में जिस महिला कर्मी की गुरुवार को हत्या की गई, वह मध्याह्न भोजन बनाने का काम करती थी। आरोपी हंसिया लेकर स्कूल परिसर में घुसा और रसोई में मौजूद इस महिला कर्मी पर बच्चों के सामने ही जानलेवा हमला कर दिया। हैरत की बात है कि कोई व्यक्ति धारदार हथियार लेकर स्कूल परिसर में आसानी से घुस गया और शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों को इसकी भनक तक नहीं लगी! यही नहीं, कहा जा रहा है कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद काफी देर तक परिसर में ही हंगामा करता रहा, जिससे बच्चों में दहशत फैल गई। इस हमले के पीछे कोई निजी रंजिश थी या कुछ और, यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन इस घटना ने शिक्षण संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। शासन और प्रशासन को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि सार्वजनिक संस्थानों में सुरक्षा के माकूल बंदोबस्त किए जाएं और लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाए।

## लोन दिलाने के नाम पर 5 लाख की धोखाधड़ी

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को बैंक लोन दिलाने का झांसा देकर 5 लाख रुपये की चपत लगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत और शुरुआती जांच के बाद एक फाइनेंस कंपनी से जुड़े पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी विशाल शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपियों ने उन्हें लोन दिलाने के नाम पर अपने जाल में फंसाया। यह पूरी वारदात शगुन आर्केड के समीप स्थित 'विवकराइट फाइनेंस कंपनी' के ऑफिस में अंजाम दी गई। आरोपियों ने लोन प्रोसेसिंग और अन्य शुल्कों के नाम पर विशाल से कुल 5 लाख रुपये ऐंठ लिए, लेकिन उन्हें लोन नहीं मिला। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धोखाधड़ी और प्रताड़ना की धाराओं के तहत आरोपी। शिवम तिवारी, नीलेश सोनी, देवेंद्र गोलकर, विनय नागर और मिताली यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उन्हें लोन दिलाने के बजाय मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और धमकाया। विजय नगर पुलिस अब कंपनी के दस्तावेजों और बैंक खातों की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपियों ने अन्य कितने लोगों को इसी तरह अपना शिकार बनाया है।

## 25 लाख की धोखाधड़ी करने वाले प्रॉपर्टी ब्रोकर दंपति गिरफ्तार

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक शातिर दंपति ने खुद को जमीन का मालिक बताकर करीब 8 लोगों को लाखों रुपये का चूना लगा दिया। पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर कोर्ट से रिमांड पर लिया है। आशंका है कि पूछताछ में धोखाधड़ी के और भी कई मामले सामने आ सकते हैं।

पुलिस के मुताबिक, मामला भागीरथपुरा स्थित राधाकुंज कॉलोनी का है। गिरफ्तार आरोपी मनीष दारकुंडे और उसकी पत्नी रीना दारकुंडे निवासी न्यू देवास रोड ने खुद को भूमि विक्रेता बताकर लोगों को सस्ते प्लॉट का लालच दिया था। 8 सितंबर 2025 को आरोपियों ने पीड़ितों के सामने प्लॉट विक्रय का प्रस्ताव रखा और विश्वास में लेकर उनके साथ अनुबंध कर लिया। ठगी के शिकार संदीप, आशीष, तनीशा, जयेश, राजाराम, चन्द्रशेखर और सुनील सहित 8 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। आरोपियों ने अलग-अलग तारीखों में इन पीड़ितों से करीब 25 लाख रुपये ऐंठ लिए। मनीष ने यह पूरी राशि अपनी पत्नी रीना के बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करवाई थी। पैसे लेने के बावजूद आरोपियों ने न तो रजिस्ट्री कराई और न ही जमीन का कब्जा दिया। जब पीड़ितों ने अपनी रकम वापस मांगी, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। बाणगंगा पुलिस ने दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। न्यायालय ने दोनों को पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अब इनके बैंक खातों और अन्य संपत्तियों की जांच कर रही है ताकि अन्य पीड़ितों का भी पता लगाया जा सके।

# मल्टी के मेंटेनेंस को लेकर विवाद

## दो भाइयों ने तलवार और डंडे से पड़ोसियों पर किया हमला

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरनार परिसर में मल्टी के मेंटेनेंस और लिफ्ट संचालन की चर्चा के दौरान खूनी संघर्ष हो गया। मामूली बात पर शुरू हुए विवाद में दो भाइयों ने अपने ही पड़ोसियों पर तलवार और डंडे से हमला कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी ममता चौहान निवासी गिरनार परिसर ने पुलिस को बताया कि वह अपने भाई जितेंद्र पंवार और मां शारदा बाई के साथ मल्टी के अन्य रहवासियों से मेंटेनेंस एवं लिफ्ट के संचालन को लेकर चर्चा कर रही थीं। इसी दौरान वहां रहने वाले दो भाई जसपाल और गुरुचरण पिता मदन सिंह वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब ममता और उनके भाई ने विरोध किया, तो विवाद मारपीट में बदल गया। आरोपियों ने आव देखा न ताव और हमला बोल दिया। जसपाल ने लकड़ी के डंडे से जितेंद्र पंवार की बेरहमी से पिटाई की, जिससे उनके हाथ, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंची ममता पर भी आरोपियों ने रहम नहीं किया। जसपाल के कहने पर गुरुचरण घर से तलवार निकाल लाया और ममता के सिर व हाथ पर तलवार के उल्टे हिस्से से वार किया। हमले में भाई-बहन दोनों घायल हुए हैं। गांधी नगर पुलिस ने ममता चौहान की शिकायत पर आरोपी जसपाल और गुरुचरण के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## प्लाट बेचने से रोका तो मां के बाल पकड़कर दीवार में दे मारा

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में एक कलयुगी बेटे ने महज इसलिए अपनी मां की बेरहमी से पिटाई कर दी क्योंकि मां ने उसे अपना प्लाट बेचने से मना किया था। घायल मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, ताप्ती परिसर की रहने वाली बीना पति मोतीलाल ने अपने बेटे दिनेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि मेरा बेटा घर आकर कहने लगा कि वह अपना प्लाट बेचना चाहता है। जब मां ने उसे प्लाट बेचने से मना किया और समझाने की कोशिश की, तो वह आपा खो बैठा औरगालियां देने लगा। जब मां ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो आरोपी हिंसक हो गया। उसने अपनी मां के बाल पकड़े और उनका सिर जोर से दीवार में दे मारा। इस हमले में वृद्धा के माथे, नाक और मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं। पिटाई के बाद भी आरोपी का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने धमकी देते हुए कहा कि 'आइंदा अगर मुझे प्लाट बेचने से रोका, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।'

## अब श्मशान घाट भी सुरक्षित नहीं, चिता के 8 लोहे के स्टैंड चोरी

**इंदौर।** बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे श्मशान घाट को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। किशनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पिगडंबर के श्मशान घाट से अज्ञात बदमाशों ने चिता के लिए उपयोग होने वाले लोहे के भारी-भरकम स्टैंड चोरी कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। फरियादी जितेंद्र वर्मा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि ग्राम पिगडंबर स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए लोहे के स्टैंड रखे हुए थे। जब सामान की गिनती की गई, तो पाया कि 8 नग लोहे के स्टैंड गायब हैं। चोरी हुए इन स्टैंडों की कुल कीमत लगभग 25 हजार रुपये बताई जा रही है। ग्रामीणों ने पहले अपने स्तर पर इन स्टैंडों की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर पुलिस की शरण ली।

## अकाउंटेंट ने कंपनी के खातों में लगाई 95 लाख की सेंध

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में गबन का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक निजी कंपनी के अकाउंटेंट ने भरोसे का फायदा उठाते हुए कंपनी की करीब 95 लाख रुपये की राशि अपने निजी बैंक खातों में ट्रांसफर कर ली। पुलिस ने कंपनी संचालक की शिकायत पर आरोपी अकाउंटेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी जावेद पटेल निवासी ग्राम नरवर, उज्जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुलाबबाग कॉलोनी स्थित उनकी कंपनी 'डेक्कन सेल्स एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड' में आरोपी शैलेंद्र कुमार शर्मा अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था। आरोपी ने 19 नवंबर 2025 से 11 फरवरी 2026 के बीच सुनियोजित तरीके से इस गबन को अंजाम दिया। आरोपी शैलेंद्र का काम विभिन्न फर्मों और कंपनियों को भुगतान करना था। उसने चालाकी दिखाते हुए भुगतान की जाने वाली राशि को संबंधित फर्मों को भेजने के बजाय अलग-अलग मदों में दर्शाकर अपने निजी बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिया। ऑडिट के दौरान जब विसंगतियां सामने आईं, तो 95 लाख 28 हजार 223 रुपये की बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। लसूड़िया पुलिस ने जांच के बाद आरोपी शैलेंद्र कुमार शर्मा के खिलाफ अमानत में खयानत और धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## श्वान समूह ने बनाया अधेड़ को शिकार

### शंखेश्वर पार्श्वनाथ कॉलोनी में आवारा श्वानों का आतंक



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कनाड़िया बायपास स्थित फीनिक्स मॉल के पास शंखेश्वर पार्श्वनाथ कॉलोनी में आवारा श्वानों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में कॉलोनी के निवासी 50 वर्षीय अनुपम वर्मा पर आवारा श्वानों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। इस घटना के बाद कॉलोनीवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, अनुपम वर्मा अपने घर के पास थे, तभी अचानक आवारा श्वानों ने उन पर हमला कर दिया और उनके पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर काट लिया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें बचाया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि शंखेश्वर पार्श्वनाथ कॉलोनी में लंबे समय से आवारा श्वानों की संख्या बढ़ती जा रही है। ये श्वान आए दिन लोगों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बन रहे हैं। कई बार नगर निगम को शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उक्त जानकारी सोसायटी अध्यक्ष उमेश दीक्षित ने दी।

## नशे में घर में घुसने पर पीट-पीटकर मार डाला, संदिग्ध हिरासत में

**इंदौर।** तेजाजी नगर पुलिस ने मजदूर रेनसिंह की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा करते हुए कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार, रेनसिंह नशे की हालत में भटकते हुए किसी के घर में घुस गया था। चोर होने के संदेह या घुसपैठ से नाराज होकर घर के लोगों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी और लहूलुहान हालत में सड़क किनारे फेंक दिया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस पकड़े गए संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

## जिलाबदर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

**इंदौर।** रावजी बाजार पुलिस ने जिले से बाहर किए गए एक शातिर बदमाश को प्रतिबंध के बावजूद इलाके में घूमते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पर इंदौर की राजस्व सीमा में प्रवेश करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा हुआ था।

पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित बदमाश इमरान उर्फ इम्मू उर्फ निजाम निवासी चंदन नगर, रावजी बाजार थाना क्षेत्र के कलाल कुई मस्जिद इलाके में देखा गया है। पुलिस ने तत्काल टीम भेजकर घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी इमरान को 3 जनवरी 2026 को पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी जिलाबदर का आदेश तामील कराया जा चुका था। नियम के अनुसार उसे इंदौर और आसपास के जिलों की सीमा से बाहर रहना था, लेकिन उसने कानून को धता बताते हुए शहर में प्रवेश किया। रावजी बाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# नल कनेक्शन कटने से नाराज बदमाशों ने बुजुर्ग को पीटा

## पानी सप्लाई रोकने का लगाया आरोप

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में पानी की सप्लाई और बकाया बिल को लेकर उपजा विवाद मारपीट में बदल गया। नल कनेक्शन काटे जाने से नाराज दो युवकों ने पानी की टंकी की देखरेख करने वाले एक बुजुर्ग के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, गिरनार परिसर स्थित पानी की टंकी के पास रहने वाले 55 वर्षीय ठाकरसिंह कलोता ने शिकायत दर्ज कराई है। ठाकरसिंह ने बताया कि उन्होंने नियम अनुसार क्षेत्र में पानी की सप्लाई शुरू की थी। इसी दौरान इलाके में रहने वाले रवि पारदी और गोलू पारदी उनके पास आए और अपने घरों में पानी नहीं आने का कारण पूछने लगे। ठाकरसिंह ने जब उन्हें बताया कि लंबे समय से पानी का बिल जमा नहीं करने के कारण विभाग ने उनके नल कनेक्शन काट दिए हैं, तो दोनों आरोपी भड़क गए। आरोपियों ने ठाकरसिंह के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जब उन्होंने विरोध किया, तो रवि और गोलू ने उन पर थप्पड़-मुक्कों से हमला कर दिया।

## एमपी ट्रांसको में 1 मार्च से कैशलेस स्वास्थ्य बीमा-मंत्री तोमर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**।प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में कार्यरत कार्मिकों, पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 1 मार्च से कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय कार्मिकों और उनके परिजनों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम है। यह बीमा स्वास्थ्य योजना लागू होने से कुल 11265 कार्मिक, पेंशनर्स और उनके परिजन लाभान्वित होंगे।

## पर्यावरण जागरूकता संबंधी प्रश्नोत्तरी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय किला भवन में कल प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण और प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन में इको क्लब द्वारा पर्यावरण जागरूकता प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम की विजेता छात्राओं में वैष्णवी बैस, शबाना, राजश्री, अनुष्का को पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र वितरित किया किए।

## साफ्ट टॉयज बनाने का दिया प्रशिक्षण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। प्रदेश सरकार की वृंदावन ग्राम योजना के तहत रंगवासा की 25 ग्रामीण मातृशक्तियां को स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा साफ्ट टॉयज बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। सिद्धार्थ जैन ने बताया कि समूह से जुडी महिलाओं को लखपति दीदी श्रेणी में शामिल करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## वित्त निगम का समाधान शिविर 17 से

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। म.प्र. वित्त निगम द्वारा ऋण खातों के निराकरण एवं वसूली सम्बंधित मामलों के समाधान के लिए 17 और 18 फरवरी को विशेष समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर दोपहर 12 से शाम 5.30 बजे तक आयोजित होगा। इन्दौर के अलावा भोपाल और जबलपुर में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रबंध संचालक वंदना वैद्य ने बताया कि गीता भवन चौराहा स्थित प्रधान कार्यालय फायनेंस हाऊस पर शिविर आयोजित किया जाएगा।

## 19 फरवरी को होगी कलेक्टर न्यायालय में सुनवाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। कलेक्टर न्यायालय में आवेदक मध्यप्रदेश शासन तर्फे तहसीलदार सांवेर जिला इंदौर विरुद्ध अनावेदक हरिजन समाज सुधार सहकारी संस्था मर्यादित समिति ग्राम धतुरिया सांवेर एवं अन्य दो के मध्य प्रचलित प्रकरण में आगामी सुनवाई की तिथि 19 फरवरी निर्धारित की गई है। इसके अलावा तहसीलदार खुडैल जिला इंदौर विरुद्ध अनावेदक जगन्नाथ, अम्बाराम एवं अन्य दो के मध्य प्रचलित प्रकरण में आगामी सुनवाई इसी दिन होगी।

## देपालपुर से तीन जेसीबी और एक डम्पर जब्त



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन को लेकर कार्रवाई की गई जिसमें तीन जेसीबी और एक डम्पर जब्त किए।

## जेल में बंदियों से की चर्चा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। डॉ. दीपमाला रावत द्वारा रेसीडेंसी कोठी में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत समस्त विभागों की प्रकृति को लेकर समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के बाद डॉ. रावत ने जेल का निरीक्षण किया और बंदियों से चर्चा की। उनकी समस्याएँ सुनी तथा बंदियों द्वारा किये गये कार्यों फर्नीचर, दरी, कंबल आदि निर्माण कार्य गतिविधियों का अवलोकन किया गया।

## लाडली बहनों को आज मिलेगी राशि

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खंडवा और बुरहानपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे करोडों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा वे लाडली बहनों के खाते में इस माह की राशि भी देंगे।

## आईस्क्रीम मैकिंग का सर्टिफिकेट कोर्स



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में 10 दिवसीय बेकरी एंड कन्फेक्शनरी एवं आइसक्रीम मेकिंग सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण अमृता शाह ने दिया। छात्राओं ने आइसक्रीम, चॉकलेट, बिस्किट, सिम्पल एवं आइसिंग केक, पैकेजिंग एवं प्राइसिंग का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण लिया।

## दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी शुरू

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। ढक्कनवाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार में आज से दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी लगाई गई। सुबह उदघाटन सत्र हुआ।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**मार्केट विभाग**
**संशोधित विज्ञप्ति**

क्रमांक: 1780 दिनांक: 12.02.2026

निगम स्वामित्व नंदलालपुरा स्थित देवी अहिल्या फ्रुट मार्केट की दुकानों के आवंटन हेतु मार्केट विभाग द्वारा ऑनलाईन विज्ञप्ति क्रमांक 168/ मार्केट/2026 दिनांक 05.02.2026 को जारी की गई थी जिसकी प्रकाशित विज्ञप्ति में अंकित निविदा दिनांकों के स्थान पर निम्नानुसार दिनांकों को पढ़ा जावें।

**निविदा दिनांकों का विवरण :-**

| अनु.क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की आरंभ दिनांक | 05.02.2026 प्रातः 11:00 बजे |
| 2. | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक | 26.02.2026 सायं: 05:30 बजे |
| 3. | ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | 27.02.2026 सायं: 05:30 बजे |
| 4. | ऑनलाईन वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक | 02.03.2026 सायं: 05:30 बजे |

अपर आयुक्त (मार्केट)
नगर पालिक निगम, इंदौर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग राऊ जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/1434/री राऊ/2026 इन्दौर दिनांक 13/02/2026

**-उदघोषणा-**

एतद्वारा द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **प्रमोद द्विवेदी, अध्यक्ष तर्फे 'आनंद विहार'** पता स्कीम नबर 103, इंदौर के द्वारा म.प्र. प्रकोष्ठ सह-स्वामित्व अधिनियम, 1960 की धारा 18 के अन्तर्गत 'आनंद विहार' का विधिवत पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। अतः उक्त आवेदन के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकरण में **पेशी दिनांक 06/03/2026** तक अपनी स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संलग्न-उपरोक्तानुसार**

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग राऊ जिला-इन्दौर



**The Court of I District and Session Judge, Civil Court Sardarpur, Dhar**
**Presiding Officer: हेमंत कुमार यादव**

( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )
( MCA/0000001/2024 )
अशोक कुमार............बादी
Vs
मृतक सीताबाई वारिसान सीताबाई.................प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक: 17/03/2026

**प्रेषिती-**
**( 1 ) संगीताबाई पति हिरेन्द्र पोरवाल पता-निवासी 40 त्रिमूर्ति नगर धार जिला धार म.प्र.**

यह कि प्रार्थी अशोक कुमार ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अतर्गत आदेश । नियम 10 सहपठित धारा 151 व्यवहार प्रकिया संहिता के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

आज तारीख 30 ज़नवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

( हेमंत कुमार यादव )
प्रथम जिला न्यायाधीश
सरदारपुर जिला धार



**The Court of I District and Session Judge, Civil Court Sardarpur, Dhar**
**Presiding Officer: हेमंत कुमार यादव**

( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )
( MCA/0000001/2024 )
अशोक कुमार............बादी
Vs
मृतक सीताबाई वारिसान सीताबाई.................प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक: 17/03/2026

**प्रेषिती-**
**( 1 ) संगीताबाई पति हिरेन्द्र पोरवाल पता-निवासी 40 त्रिमूर्ती नगर धार जिला धार म.प्र.**

यह कि प्रार्थी अशोक कुमार ने आपके विरूद्ध विविध अपील अंर्तगत आदेश 43 नियम 1 सहपठित धारा 104 सी0पी0सी0 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 30 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

( हेमंत कुमार यादव )
प्रथम जिला न्यायाधीश
सरदारपुर जिला धार

# भारत-पाकिस्तान मैच पर बारिश का साया

## नहीं हुआ मैच तो दोनों टीमों को मिलेंगे समान अंक

**कोलंबो ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार शाम को श्रीलंका के कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा। बड़ी मुश्किल से पाकिस्तान यह मैच खेलने के लिए तैयार हुआ, अब मुकाबले पर बारिश का खतरा मंडराने लगा। दरअसल श्रीलंका के अधिकारियों ने 15 और 16 फरवरी के लिए मौसम की चेतावनी जारी की है, जो क्रिकेट फैंस के लिए दिल तोड़ने वाली हैं।

एक्यूवेदर के मुताबिक, मैच के दिन करीब 4 घंटे की बारिश होने के अनुमान जताए जा रहे हैं। बात सिर्फ बारिश तक नहीं रुक रही है, बल्कि 26इ तूफान आने के भी आसार जताए जा रहे हैं। यह खबर वाकई क्रिकेट फैंस का दिल तोड़ सकती है। क्रिकेट प्रेमी लंबे वक्त से भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले का इंतजार कर रहे थे।

### पहले पाकिस्तान ने कर दिया था इनकार

बता दें कि पहले पाकिस्तान सरकार की तरफ से भारत के खिलाफ मुकाबला खेलने से इनकार कर दिया गया था। पाक सरकार ने आधिकारिक तौर पर एलान करते हुए कहा था कि उनकी टीम टी20 वर्ल्ड कप में तो हिस्सा लेगी, लेकिन भारत के खिलाफ मुकाबले के लिए मैदान पर नहीं उतरेगी।

पाकिस्तान के मना करने के बाद क्रिकेट जगत में हलचल तेज हुई और फिर आईसीसी हरकत में आई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ कुछ मीटिंग करके मामले का हल निकाला और अंततः पाकिस्तान मुकाबला खेलने के लिए तैयार हुआ। बताते चलें कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए मुकाबला खेलने से इनकार किया था। आईसीसी और पीसीबी की मीटिंग में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी हिस्सा लिया था।

### भारत का पलड़ा भारी

अगर टी20 वर्ल्ड कप में भारत बनाम पाकिस्तान के हेड टू हेड की बात करें, तो टूर्नामेंट में अब तक दोनों के बीच कुल 8 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इन मैचों में टीम इंडिया ने 7 बार जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान ने सिर्फ एक मैच जीता है। पाकिस्तान को इकलौती जीत 2021 के टी20 विश्व कप में मिली थी। रिकॉर्ड देखकर इस बार भी भारत का पलड़ा भारी दिख रहा है।

## देव्ज एकेडमी चैम्पियन



**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत देव्ज एकेडमी एवं एकेसीए के मध्य दो दिवसीय फायनल मुकाबला खेला गया जिसमें एकेसीए ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 30 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 54 रन बनाये। रिधान शर्मा ने 4 विकेअ एवं प्रणय चौहान ने 3 विकेट लिये । जवाब में देव्ज एकेडमी ने अपनी पहली पारी में 85 ओवरो में सभी विकेट खोकर 225 रन बनाये और 171 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । पवित्र पाटिल ने 88 रन एवं प्रणय चौहान ने 55 रनों का योगदान दिया । अभय गुप्ता ने 5 विकेट लिये । जवाब में एकेसीए की टीम अपनी दूसरी पारी में 27 ओवरो में 92 रनों पर सिमट गई और यह मैच एक पारी और 79 रनों के अंतर से हार गई । आयांश शुक्ला ने घातक गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर 5 विकेट एवं प्रणय चौहान ने 2 विकेट लिए।

## जूनियर एवं यूथ राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा के लिए मप्र की टीमें घोषित



**इंदौर।** देहरादून (उत्तराखंड) में 22 फरवरी से 2 मार्च तक खेली जाने वाली यूटीटी 87वीं राष्ट्रीय जूनियर एवं यूथ टेबल टेनिस स्पर्धा के लिए मध्यप्रदेश की टीमों की घोषणा कर दी गई है।

मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संगठन की चयन समिति के अध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकू आचार्य, तथा प्रमोद गंगराडे की समिति ने तीन राज्य रैंकिंग स्पर्धाओं तथा राज्य स्पर्धा में खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाली टीमों का चयन किया।

चयनित टीमें इस प्रकार है - यूथ बालक वर्ग 19 - मृदुल जोशी, अबु बकर, लक्ष्य ओझा, शौर्य भागिया सभी इंदौर। यूथ बालक वर्ग 17 - मृदुल जोशी, अबु बकर, लक्ष्य ओझा, रिदम गडिया सभी इंदौर। यूथ बालिका वर्ग 19 - परमी नागदेवे (भोपाल), अद्विका अग्रवाल, आराध्या राजपूत ,हिया पटेल (तीनो इन्दौर)। यूथ बालिका वर्ग 17 - परमी नागदेवे (भोपाल), अद्विका अग्रवाल, आरना उपाध्याय, आराध्या राजपूत सभी इंदौर। प्रतीश जंजीरे एवं अजय राजपूत टीमों के प्रशिक्षक होंगे । राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाली टीमों को मध्य प्रदेश ओलिम्पिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकू आचार्य, प्रमोद गंगराडे, निलेश वेद, गौरव पटेल तथा अमित कोटिया द्वारा अभय प्रशाल में सादे समारोह में सम्मानित किया गया।

## एसएस कम्यून की शानदार जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित एवं संजय लुणावत फाउण्डेशन द्वारा प्रायोजित प्रभा सुरेशचन्द्र लुणावत अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एसएस कम्यून एवं एलएसजीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 ओवरो में सभी विकेट खोकर 214 रन बनाये। अरस्तु चौधरी ने 55 रन बनाये। जवाब में एलएसजीसीए की टीम 162 रनों पर सिमट गई और यह मैच 52 रनों से हार गई।



## विजय क्लब की रोमांचक जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड एक दिवसीय स्पर्धा जो कि सफेद बॉल एवं रंगीन ड्रेस में खेली जा रही है उसके अंतर्गत विजय क्लब एवं स्टार क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलेत हुए 41 ओवरो में सभी विकेट खोकर 232 रन बनाये। अगम्य सिंह ने शानदार 101 रन बनाये। दीपक भूरिया ने 3 विकेट एवे वैदिक व पार्थ ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में विजय क्ल्ब की टीम ने 39 ओवरो में 6 विकेट खोकर 236 रन बनाकर यह मैच 4 विकेट से जीत लिया । तन्मय पत्की ने शानदार 97 रन एवं पार्थ गवली ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 61 रन बनाये ।





इसी स्पर्धा के अंतर्गत आज एक अन्य मैच इंदौर कोल्टस एवं आरबीसीएफ के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहल खेलते हुए 44 ओवरो में सभी विकेट खोकर 240 रन बनाये। प्रखर काग ने 77 रन एवं भव्य चौहल ने 50 रन बनाये। दिव्यांश पांचाल ने 5 विकेट लिये । जवाब में आरबीसीएफ की टीम 47 ओवरो में 169 रनों पर सिमट गई और यह मैच 71 रनों के अंतर से हार गई । अंश बागडिया ने 59 रन बनाये। हर्ष सोनी ने 3 विकेट एवं जयंत गुर्जर व पवन निर्वाणी ने 2-2 विकेट लिये। इसी स्पर्धा के अंतर्गत आज एक अन्य मैच एसएस कम्यून एवं एकेसीए के मध्य खेला गया जिसमें एकेसीए ने पहले खेलते हुए 25 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 74 रन बनाये। अमल चन्देल, हिम्मत सिंह एवं पियुश तिवारी ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में एसएस कम्यून की टीम ने 12 ओवरो में 1 विकेट खोकर 75 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से आसानी से जीत लिया।

## हार का ठिकरा पिच पर फोड़ा आस्ट्रेलिया टीम ने

**कोलंबो।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मेट रेनशॉ ने जिम्बाब्वे के हाथों टी20 विश्व कप में मिली 23 रन से हार का ठीकरा आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर नहीं फोड़ा और कहा कि उपमहाद्वीप की टीमें आस्ट्रेलिया दौरे पर रफ्तार और उछाल वाली पिचों को लेकर कभी शिकायत नहीं करती हैं। रेनशॉ के 44 गेंद में 65 रन के बावजूद आस्ट्रेलियाई टीम 146 रन पर आउट हो गई। मैथ्यू रेनशॉ ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, क्रिकेट ऐसा ही है। उपमहाद्वीप की टीमें आस्ट्रेलिया आती हैं तो कभी उछाल और रफ्तार को लेकर शिकायत नहीं करती हैं। आजकल क्रिकेट ऐसा ही है और आपको अलग अलग पिचों पर खेलने में सक्षम होना होगा। उन्होंने यह भी मानने से इनकार किया कि बिग बैश लीग में कठोर और उछालभरी आस्ट्रेलियाई पिचों पर खेलने के बाद धीमी पिचों पर खेलने में दिक्कत आई। उन्होंने कहा, बिग बैश लीग के दौरान आस्ट्रेलियाई विकेटों में काफी उछाल रहता है। भारत में अलग तरह की पिचें होंगी जिन पर बड़े स्कोर बनेंगे क्योंकि बाउंड्री भी छोटी होगी। मैथ्यू रेनशॉ ने कहा, यहां बाउंड्री काफी बड़ी है लेकिन यही क्रिकेट है। हालात के अनुकूल खुद को ढालना होता है।' मैच की बात करें तो जिम्बाब्वे की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट खोकर 169 रन बनाए थे।

## अभिषेक कल का मुकाबला खेलेंगे या नहीं, आज रात होगा फैसला

**कोलंबो।** अभिषेक शर्मा शुक्रवार रात को कोलंबो पहुंच गए हैं, जहां 15 फरवरी की शाम को पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया को एक बड़ा मुकाबला खेलना है। हालांकि, भारतीय टीम के लिए इस बड़े मैच में अभिषेक शर्मा का हिस्सा लेना उनके पेट के संक्रमण से उबरने पर निर्भर करता है। सकारात्मक बात ये है कि यह विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शुक्रवार को टीम के साथ कोलंबो पहुंच गया, जो कि उनकी फिटनेस को लेकर एक अच्छी खबर है। इसी वजह से रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा में होने वाले मैच में उनकी वापसी की उम्मीद बढ़ गई है। हालांकि, उनकी फिटनेस का फाइनल टेस्ट आज को होना है।



दरअसल, नई दिल्ली में एक निजी अस्पताल से छुट्टी मिलने के बावजूद अभिषेक गुरुवार को नामीबिया के खिलाफ भारत के मैच में नहीं खेल पाए थे। वे ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे, लेकिन संजू सैमसन ने उनकी जगह पारी की शुरुआत की थी। वहीं, अगर इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मैच की बात करें तो भारतीय टीम शनिवार की शाम को 6 बजे से कोलंबो में ट्रेनिंग करने वाली है। इसी ट्रेनिंग में पता चलेगा कि वे खेलने के लिए फिट हैं या फिर नहीं?

आखिरी फैसला लेने से पहले अभिषेक की फिटनेस पर करीब से नजर रखी जाएगी। ट्रेनिंग सेशन से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होगी, जिसमें निश्चित रूप से अभिषेक को लेकर सवाल किया जाएगा। वहां से अगर तस्वीर साफ नहीं होती है तो पत्रकारों की नजरें नेट्स पर होंगी, जहां अभिषेक शर्मा उतरेंगे या नहीं? अगर नेट्स में उतरते हैं तो कितनी देर बल्लेबाजी करते हैं? इस बीच अभिषेक के माता-पिता भी पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले कोलंबो पहुंच गए। उनके माता-पिता एशिया कप के दौरान दुबई में भी मौजूद थे।

## आज तक टी-20 वर्ल्ड कप में आस्ट्रेलिया जिम्बाब्वे को नहीं हरा सका है



**नई दिल्ली।** क्रिकेट जगत में ऑस्ट्रेलिया एक महाशक्ति मानी जाती है, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप का एक ऐसा आंकड़ा है जो किसी को भी हैरान कर सकता है। इस मेगा टूर्नामेंट के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया आज तक जिम्बाब्वे को एक बार भी हराने में सफल नहीं हो पाया है। जिम्बाब्वे दुनिया की एकमात्र ऐसी टीम है जिसका टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100इ जीत का रिकॉर्ड है। हाल ही में कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में हुए मुकाबले ने इस चौंकाने वाले रिकॉर्ड पर एक बार फिर मुहर लगा दी है। 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप बी मुकाबले में जिम्बाब्वे ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 169/2 का मजबूत स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने 56 गेंदों में नाबाद 64 रनों की संयमित और शानदार पारी खेलकर टीम को मजबूती दी। कप्तान सिकंदर रजा ने अंत में मात्र 13 गेंदों पर नाबाद 25 रन बनाकर टीम को एक चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। जिम्बाब्वे की इस सधी हुई बल्लेबाजी ने ऑस्ट्रेलिया के विश्व स्तरीय गेंदबाजों को विकेटों के लिए तरसा दिया।



# बायपास पर तीन झोपड़ियों में आग

## तीन मजदूर परिवारों की गृहस्थी जलकर खाक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बायपास पर कल दोपहर आगजनी की एक दुखद घटना सामने आई। एक झोपड़ी में अचानक भड़की आग ने देखते ही देखते पास की दो अन्य झोपड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में तीन मजदूर परिवारों का राशन, कपड़े और घर-गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।**

फायर ब्रिगेड के मुताबिक , बीती दोपहर के समय अचानक लगी आग ने विकराल रूप ले लिया था। आग की लपटें उठती देख झोपड़ियों में रह रहे परिवारों में भगदड़ और हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाकर बाहर भागे, लेकिन तब तक आग ने सुरेश, सीमा और राधा बाई की झोपड़ियों को पूरी तरह अपनी जद में ले लिया था। ?सूचना मिलते ही मोती तबेला फायर स्टेशन से एमआई संतोष दुबे की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 10 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग पर पूरी तरह काबू पाया। हालांकि, आग बुझने तक इन गरीब परिवारों का काफी नुकसान हो चुका था। फिलहाल आग लगने का सटीक कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आशंका जताई जा रही है कि खाना बनाते समय चिंगारी निकलने या शॉर्ट सर्किट के कारण यह हादसा हुआ होगा।

# कैफे ने शायरी के साथ युवतियों के मोबाइल नंबर भी लगा दिए तो युवकों ने खींचे फोटो

## दिया था अच्छी शायरी पर फिल्म टिकिट का ऑफर, बजरंग दल ने ली आपत्ति, बहस भी हुई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भंवरकुआं था क्षेत्र के अन्तर्गत भोलाराम मार्ग पर आने वाले एक कैफे ने वेलेंटाइन-डे के अन्तर्गत विशेष ऑफर चलाया, जिसमें लिखा था कि जिस कपल और अन्य की शायरी सर्वश्रेष्ठ होगी, उसे शहर के मल्टीप्लेक्स की टिकटे मुफ्त दी जाएगी। सोशल मीडिया पर जानकारी लगने के बाद जमकर शायरी के मैसेज निर्धारित फार्मेट में नम्बर और नाम के साथ कैफे तक पहुंचे तो कैफे ने अपने काउंटर के समीप इन शायरी को प्रदर्शित कर लिया, जिसमें नाम, पता और नम्बर भी लिखे थे। बस फिर क्या था, युवकों ने इन के फोटो खेंचकर इन्हें वायरल भी किया। इसकी जानकारी बजरंग दल के






अभिषेक कुशवाह को लगी वे साथियों के साथ कैफे पहुंचे और उन्होंने आपत्ति ली कि हिन्दू लड़कियों के नाम और नम्बरों की कुछ दूसरे वर्ग के युवक फोटो और वीडियो बनाकर शेयर कर रहे हैं। इसका दुरुपयोग भी हो सकता है। इस पर कैफे में बजरंगियों की बहसबाजी भी हुई। आखिरकार शायरी और नाम-पते के साथ लगे इन प्रदर्शित कागजों को हटवाया गया और आगे इस तरह की प्रतियोगिता नहीं हो इसका भी आश्वासन कैफे संचालक से लिया। घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई।

# मोबाइल झपटकर भागने वाला 'गोचू' गिरफ्तार 30 कैमरों ने खोला राज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



शहर में मोबाइल झपटमारी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एरोड्रम थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी तरुण सिंह भाटी ने बताया कि 10 फरवरी को फरियादी के घर के बाहर से मोबाइल झपटने की वारदात हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर करीब 25 से 30 सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक की। फुटेज और मुखबिरों से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने सुमित उर्फ गोचू भिंडवाल को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि सुमित उर्फ गोचू एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी चोरी व अन्य संगीन अपराध दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी ने शहर के अन्य किन इलाकों में मोबाइल झपटमारी की वारदातों को अंजाम दिया है। आरोपी से बरामद मोबाइल को वैधानिक प्रक्रिया के बाद फरियादी को सौंपा जाएगा।

# बच्चों के सामने ही पिता ने लगा ली फांसी

## मासूम रोते-गिड़गिड़ाते रहे, पर नहीं पसीजा दिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रावजी बाजार थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक पिता ने अपने दो मासूम बच्चों के सामने ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय बच्चे अपने पिता के पैर पकड़कर 'पापा मत करो' कहते हुए रोते-गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन गृहक्लेश के तनाव में डूबे पिता का दिल नहीं पसीजा।

मृतक मनोज पिता कल्याण जाटव (36), निवासी राधा गोविंद का बगीचा के रूप में हुई है। मनोज सरवटे बस स्टैंड स्थित श्याम लॉज में काम करता था।



परिजनों ने बताया कि रात में ड्यूटी से लौटने के बाद मनोज का अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी अपनी एक साल की बच्ची को लेकर पास ही स्थित नानी के घर चली गई। पत्नी के जाने के बाद मनोज ने घर में मौजूद अपने दो अन्य मासूम बच्चों को कमरे में लिया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कमरे के भीतर से बच्चों के चीखने-चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं। शोर सुनकर मकान मालिक ने जब खिड़की से झाँका, तो उनके होश उड़ गए। मनोज फांसी के फंदे पर लटका हुआ था और उसके दोनों मासूम बच्चे बेसुध होकर नीचे रो रहे थे। मकान मालिक और पड़ोसियों ने तुरंत दरवाजा तोड़ा और मनोज को फंदे से नीचे उतारकर एमवाय अस्पताल पहुँचाया, लेकिन वहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रावजी बाजार पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# टावर से गिरा कर्मचारी पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

## शादी समारोह में शामिल होने आए थे राज्यपाल, तभी हुई घटना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कनाडिया थाना क्षेत्र में एक निजी मैरिज गार्डन में बिजली सुधार कार्य करने के दौरान एक युवक टावर से गिर गया जिसे पुलिस ने तुरन्त अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है। हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर है। शादी समारोह में राज्यपाल के आने के कारण वीआईपी ड्यूटी में पुलिस कर्मी तैनात थे। एसपी खजराना कुंदन मंडलोई ने बताया कि कर्नाटक के राज्यपाल कनाडिया क्षेत्र में एक निजी मैरिज गार्डन में शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे, इस दौरान पुलिस की भी ड्यूटी लगी थी तभी एक युवक बिजली सुधार कार्य करने के दौरान दो मंजिला टावर से गिर गया। सम्भवतः उसे करंट से झटका लगा था। युवक को जमीन गिरा देख तुरन्त पुलिसकर्मी उसके समीप पहुचे और पुलिस वाहन से उसे तुरन्त अस्पताल पहुंचाया।



# कबाड़ी ने एसिड पीकर दी जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एमआईजी थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा एसिड पीकर जान देने का मामला सामने आया है। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। मृतक कबाड़ खरीदने-बेचने का काम करता था। छोटी खजरानी निवासी सोनू पिता गोकुल ने शुक्रवार को अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे एसिड का सेवन कर लिया। एसिड पीते ही सोनू की हालत तेजी से बिगड़ने लगी और उसे लगातार उल्टियां होने लगीं। परिजन आनन-फानन में उसे बेसुध हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने तुरंत सोनू का उपचार शुरू किया, लेकिन उसे बचाया नही जा सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।